RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

वर्ष : 27 | अंक : 106 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 07 अप्रैल, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

## सिरफिरे आशिक ने युवती को चाकू से गोद दिया

### अपने पेट में भी मारा चाकू




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की राजधानी में एक खौफनाक वारदात हुई है। दिल्ली के अति सुरक्षित दिल्ली कैंट इलाके में रविवार रात एक सिरफिरे युवक ने विवाद होने पर युवती को चाकू गोद दिया और अपने पेट में चाकू मारकर खुद को घायल कर लिया। शुरुआती जांच में पता चला है कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था और किसी बात पर मनमुटाव होने पर एक साल से बातचीत नहीं हो रही थी। घटना से वहां अफरा-तफरी मच गई।


सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को पास के डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। घायल युवक की पहचान दिल्ली कैंट निवासी अमित (20) के रूप में हुई है। युवती की पहचान नांगल निवासी विजय लक्ष्मी (19) के रूप में हुई है।

दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि रविवार देर रात पुलिस को दिल्ली कैंट के क्रिबी प्लेस के पास एक युवती पर चाकू से हमला किए जाने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती सहित हमला करने वाले युवक को भी घायल अवस्था में पाया।

आरोपी ने युवती के गले पर चाकू से हमला करने के बाद खुद पेट में चाकू घोंप लिया था। शुरुआती जांच में पता चला है कि अमित दिल्ली कैंट इलाके में एक कपड़े की दुकान पर काम करता है। उसका युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# शेयर बाजार में ब्लैक मंडे

## ट्रंप का टैरिफ बम : एशियाई बाजारों में हलचल, रुपया 30 पैसे गिरा



**मुंबई (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ ऐलान बम दुनिया के कई देशों के बाजार में कहर बरपा रहा है। भारतीय शेयर बाजार के लिए सप्ताह का पहला कारोबार दिन सोमवार 'ब्लैक मंडे' साबित हुआ। बीएसई सेंसेक्स 3000 अंक से ज्यादा फिसल गया, तो निफ्टी ने भी 1000 अंकों का गोता लगा दिया। इस बीच एशियाई शेयर बाजारों में भी कोहराम मचा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ ऐलान के बाद से ही दुनियाभर के शेयर मार्केट संभल नहीं पा रहे हैं।

सोमवार को एशियाई बाजारों में कोहराम मचा और सभी मार्केट भरभराकर टूटे। हांगकांग का हैंगसैंग 9.24 %, जापान का निक्केई 8.50% फिसल गया। तो दूसरी ओर सिंगापुर के बाजार में 7%, चीन के मार्केट में 5.5%, मलेशियाई बाजार में 4.2% की गिरावट आई। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलियाई शेयर बाजार 4.1% और न्यूजीलैंड शेयर मार्केट 3.6% फिसल गया। भारत की अगर बात करें, तो शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स करीब 3900 अंक फिसला, तो निफ्टी में भी 1000 अंक की गिरावट आ गई। इस बीच बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 10 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई।

शेयर बाजार में सोमवार को मचे कोहराम के पीछे के कारणों में सबसे ज्यादा जिम्मेदार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ ही नजर आ रहा है। इस बीच China-US के बीच टैरिफ के बाद नए दौर की तीखी नोकझोंक ने अमेरिकी मंदी की आशंकाओं को और भी बढ़ा दिया है, जिसका सीधा असर शेयर बाजारों पर देखने को मिल रहा है।

डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी टैरिफ से उपजी आशंकाओं और अमेरिकी बाजार की रिकॉर्ड गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को लाल निशान पर खुला। खुलते ही सेंसेक्स और निफ्टी धड़ाम हो गए। फिलहाल सेंसेक्स करीब 3023.51 अंक यानी 4.01 फीसदी टूटकर 72,341.18 और निफ्टी 983.95 अंक यानी 4.30 फीसदी लुढ़ककर 21,920.50 अंक पर कारोबार कर रहा है। शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 30 पैसे गिरकर 85.74 डॉलर पर आ गया।

## आइसक्रीम ठेले को कार ने मारी टक्कर, युवक की मौत



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा-2 क्षेत्र स्थित रियान गोल चक्कर के पास एक सेंट्रो कार ने आइसक्रीम ठेले को टक्कर मार दी। इस घटना में आइसक्रीम के ठेले पर बैठा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। फिलहाल, पुलिस कार चालक को हिरासत में लेकर मामले में आगे की जांच कर रही है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## उत्तर प्रदेश में झुलसाने वाली गर्मी

### लखनऊ में स्कूल का समय बदला, प.उप्र में हीट वेव की चेतावनी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग ने हीटवेव की चेतावनी जारी की है। उत्तर प्रदेश के लगभग 10 जिलों में पारा 40 डिग्री के पार चला गया है। मौसम विभाग ने गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा समेत कई जिलों में लू की चेतावनी जारी की है। वहीं दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश समेत कुल 10 राज्यों में भीषण हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। फिलहाल राहत के कोई आसार नहीं हैं।

उत्तर भारत में अप्रैल महीने के शुरूआती दिनों में ही भीषण गर्मी पड़ने लगी है। भीषण गर्मी को देखते हुए लखनऊ के जिलाधिकारी ने कक्षा 12वीं तक के सभी स्कूलों के समय में बदलाव का आदेश जारी किया है। अब सभी स्कूल सुबह 7:30 बजे (शेष पृष्ठ-4 पर)

## सोसायटी में वीडियो बनाने पर पीटा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र के व्हाइट ऑर्किड गौर सिटी 2 में दो युवकों ने वीडियो बनाने पर एक व्यक्ति की पिटाई कर दी। युवक को बचाने आई उसकी पत्नी व बच्चों के साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। गौर सिटी 2 स्थित व्हाइट आर्किड के टावर नंबर दो में रहने वाले रंजीत कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह रात्रि में करीब 11:15 बजे लिफ्ट से ग्राउंड फ्लोर पर आया। इस दौरान वह वीडियो बनाने लगा। इस पर राहुल सहगल व सौरभ गुप्ता ने वीडियो बनाने को लेकर उससे कहा सुनी शुरू कर दी। उसने जब इस बात का विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। शोर शराबा सुनकर उसकी पत्नी और बच्चे उसे बचाने मौके पर पहुंचे तो दोनों आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। मारपीट के बाद दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

## क्राइम फाईल

### नाबालिग के हाथों में स्कूटी, टक्कर से टूटा हाथ

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बीटा 2 क्षेत्र में दो स्कूटी की टक्कर में एक व्यक्ति का हाथ टूट गया। घायल का आरोप है कि स्कूटी को नाबालिक किशोर चला रहा था।

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 32 में रहने वाले राजन गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह स्वर्ण नगरी स्थित एमएसएक्स मॉल में नौकरी करता है। 20 मार्च की रात्रि को वह अपनी स्कूटी से घर की तरफ जा रहा था।सोसायटी के सामने पहुंचते ही तेज रफ्तार में आ रही एक्टिवा स्कूटी के चालक ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई और वह घायल हो गया। शोर शराबा सुनकर आज पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए जिन्होंने स्कूटी सवार किशोर को पकड़ लिया। उसने फोन कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

### ईंट मारकर अधिवक्ता का सिर फोड़ा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** रास्ते में बाइक खड़ी कर रास्ता अवरुद्ध करने वाले युवकों से बाइक हटाने के लिए कहना एक अधिवक्ता को खासा महंगा पड़ा। युवकों ने अधिवक्ता के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की और ईंट मारकर सिर फाड़ दिया। अधिवक्ता ने एक नामजद सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दादरी तहसील के पास रहने वाले अधिवक्ता भूपेंद्र भाटी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने घर से तहसील स्थित कार्यालय आ रहा था। जब वह सब रजिस्ट्रार कार्यालय दादरी के गेट के पास पहुंचा तो वहां ग्राम कच्चेड़ा वारसाबाद के कुछ युवक रास्ते में बाइक खड़ी कर शोर मचा रहे थे। उसने जब युवकों से बाइक हटाने को कहा तो दिनेश व उसके चचेरे भाइयों ने गाली गलौज शुरू कर दी। उसने जब गाली गलौज का विरोध किया तो दिनेश व उसके चचेरे भाइयों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। (शेष पृष्ठ-4 पर)

### शादी समारोह में मारपीट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** शादी समारोह में सम्मिलित होने गए एक व्यक्ति के साथ चार युवकों ने गाली गलौज कर मारपीट की मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित की पत्नी ने थाना दादरी में चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम कोट निवासी रेशमा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 5 अप्रैल को वह अपने पति चांद मोहम्मद के साथ आमका गांव में एक शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए गए थे। शादी समारोह में मौजूद सुमित, नसीबु, मेंढक व रोजू ने उसके पति के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। उसके पति ने जब इस बात का विरोध किया तो चारों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह से उसके पति चांद मोहम्मद को आरोपियों के चंगुल से बचाया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## गुस्सा हावी: कैब ड्राइवर ने सिर पर मारा पेंचकस

### 50 रुपये के चक्कर में सिर पर मारी ईंट



**नोएडा (चेतना मंच)।** गुस्सा लोगों के सिर पर हावी है। ऐसे में उन्हें यह तक नहीं सूझता कि उनका गुस्सा किसी को कितना नुकसान पहंचायेगा। रॉन्ग साइड से आ रहे कैब ड्राइवर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक सवार ने जब इस बात का विरोध किया तो कैब के ड्राइवर ने पेचकस से सिर पर वार कर युवक को घायल कर दिया। बाइक सवार ने कैब चालक के खिलाफ थाना एक्सप्रेसवे में मुकदमा दर्ज कराया है।

सौरभ विहार जैतपुर दिल्ली निवासी कुलदीप सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सेक्टर 135 की एक कंपनी में काम करता है। 4 अप्रैल की रात्रि को वह ड्यूटी खत्म कर अपने ऑफिस की बिल्डिंग के गेट से बाहर आ रहा था। इस दौरान रॉन्ग साइड से तेज गति में आ रही कैब के चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उसने जब कैब ड्राइवर को सही तरीके से गाड़ी चलाने को कहा तो वह गाली गलौज करने लगा। गाली गलौज करने का विरोध करने पर चालक ने कैब से पेचकस निकाल लिया और उसके सिर व कंधे पर वार कर उसे घायल कर दिया। उसे लहूलुहान करने के बाद कैब चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## होमगार्ड और उसका साथी नशे में कर रहे थे चैकिंग

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** कविनगर थाने से संबद्ध होमगार्ड और उसका एक साथी नशे की हालत में फर्जी तरीके से चैकिंग कर रहे थे। पुलिस ने सूचना पर पहुंचकर होमगार्ड और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि इनका एक साथी फरार है।

गाजियाबाद के पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि निवाड़ी क्षेत्र में चेकिंग के नाम पर अवैध वसूल की जा रही है। एक बाइक पर सवार तीन लोगों ने बाइक चालक को रोककर उसके कागजात चैक किए हैं। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची तो वहां उन्हें होमगार्ड मुकेश गिरी व कपिल त्यागी मिले। दोनों नशे की हालत में थे और फर्जी तरीके से चैकिंग कर रहे थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है और थाना निवाड़ी में मामला दर्ज करा दिया है। होमगार्ड मुकेश गिरी इन दिनों कवि नगर थाने में तैनात है।

## कांग्रेस महानगर कमेटी की घोषणा 10 दिनों के भीतर : मुकेश यादव



**नोएडा (चेतना मंच)।** कांग्रेस पार्टी की नोएडा महानगर की कार्यकारिणी आगामी 10 दिनों में घोषित हो जाएगी। पूर्व की तरह 31 सदस्यीय कमेटी में सक्रिय तथा कर्मठ कार्यकर्ताओं को तरजीह दी जाएगी।

कांग्रेस के तीसरी बार महानगर अध्यक्ष बने मुकेश यादव ने कहा कि आने वाले 10-15 दिनों के अंदर महानगर की कार्यकारिणी घोषित कर दी जाएगी। कार्यकारिणी में सक्रिय व समर्पित कार्यकर्ताओं को प्रमुखता दी जाएगी तथा निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।

श्री यादव ने बताया कि नई कार्यकारिणी में जातिगत समीकरण के मददेनजर हर बिरादरी को समुचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा तथा महिलाओं को भी समुचित भागीदारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व कार्यकारिणी में सक्रिय रहे पदाधिकारियों को ही नई कमेटी में स्थान मिलेगा। हाईकमान के आदेशों को अगली जामा पहनाने के लिए कांग्रेस पार्टी संगठन को और मजबूत करेगा तथा अधिक से अधिक युवाओं को शामिल किया जाएगा।

## भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर हो छुट्टी : पं. पीतांबर



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा ने भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर स्थाई छुट्टी घोषित किए जाने की मांग की है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस संबंध में पत्र भेजा है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे गए पत्र में महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा ने कहा कि पिछले काफी समय से अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर स्थाई छुट्टी घोषित किए जाने की मांग की जा रही है। हालांकि प्रदेश सरकार ने पूर्व में अस्थाई व स्वैच्छिक छुट्टी की घोषणा की थी लेकिन ब्राह्मण महासभा जन्मोत्सव पर स्थाई छुट्टी की मांग कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भगवान परशुराम ब्राह्मण समाज ही नहीं संपूर्ण हिंदू समाज के प्रेरणास्त्रोत के साथ-साथ पूजनीय हैं।उनके जन्मोत्सव के अवसर पर झांकी, जुलूस निकालने के साथ-साथ जनसभाएं आयोजित होती हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर स्थाई छुट्टी घोषित करनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर स्थाई छुट्टी घोषित किए जाने की मांग की है।

## पंकज सिंह ने सुनी सेक्टर-11 के लोगों की समस्याएं

### नये बारात घर का निर्माण व सिंचाई विभाग के नाले को पाटने की उठी मांग

- सेक्टर-11 में 350 लोगों को बांटे मेट्रो अस्पताल में इलाज के कंसेशन कार्ड



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के विधायक पंकज सिंह रविवार को सेक्टर-11 स्थित बारातघर पहुंचे तथा सेक्टरवासियों एवं आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों की समस्याएं सुनी।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने विधायक से सेक्टर-11 में सिंचाई विभाग के बड़े नाले को पाटने, मदर डेयरी तथा मेट्रो अस्पताल चौराहे पर रेहड़ी-पटरी वालों एंव ई-रिक्शा वालों के जमावड़े को हटाने तथा नया बारातघर बनवाने की मांग की। विधायक पंकज सिंह ने आश्वासन दिया कि वे इस मामले में प्राधिकरण के अफसरों को कहेंगे तथा उन्होंने समाधान का पूर्ण आश्वासन दिया।

इस दौरान 350 सेक्टरवासियों को मेट्रो अस्पताल के इलाज में 20 फीसदी छूट के लिए कार्ड भी वितरित किए गए। इस दौरान भाजपा महामंत्री डिम्पल आनंद, भाजपा नेता फोनरवा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व धवलगिरि आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अशोक मिश्र भी मौजूद थे।

इस अवसर पर सेक्टर-11 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अनुज गुप्ता, महासचिव दिनेश कृष्णन, विनय मोहन, संजीव वर्मा, मनोज अग्रवाल, शैलजा सक्सेना, सतीश कुमार, कंवर सिंह, नितिन पांडे, बलजीत रोहिल्ला, संदीप अग्रवाल, अशोक शर्मा, रामरूप गोयल, अमरनाथ गुप्ता, देवकीनंदन, योगेश वत्स, हीरालाल गुप्ता, मनोज शर्मा, डा. राजीव अग्रवाल तथा एसके गुप्ता आदि सैकड़ों सेक्टरवासी मौजूद थे।

## न्यायाधीशों की संपत्ति

ऐसे वक्त में जब न्यायपालिका में अधिक पारदर्शिता की मांग सार्वजनिक विमर्श में है, सुप्रीम कोर्ट के सभी वर्तमान न्यायाधीशों के द्वारा न्यायालय की वेबसाइट पर विवरण प्रकाशित करके अपनी संपत्ति का सार्वजनिक रूप से खुलासा करने पर सहमति व्यक्त करना सुखद ही है। निश्चय ही यह एक सार्थक पहल ही कही जाएगी। दरअसल, यह कदम न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास में लगी आग में नोटों का जखीरा जलने के समाचार प्रकाश में आने के कुछ समय बाद उठाया गया है। उल्लेखनीय है घटना के समय वे दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। निश्चय ही इस घटनाक्रम से समाज में अच्छा संदेश नहीं गया। दरअसल, वर्तमान परिपाटी के अनुसार न्यायाधीशों के लिये निजी संपत्ति का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना एक स्वैच्छिक परंपरा है। जिसे अनिवार्य बनाने की मांग की जाती रही है। निश्चय ही न्याय व्यवस्था के संरक्षक होने के कारण इसके स्वैच्छिक रहने पर तमाम किंतु-परंतु हो सकते हैं। जनता हमेशा से ही पंच-परमेश्वरों की स्वच्छ-धवल छवि की आकांक्षा रखती है। दरअसल, न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति के खुलासे का मुद्दा दशकों तक सार्वजनिक विमर्श में उठता रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1997 में, सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके अनुसार उसके सभी न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति और देनदारियों की घोषणा देश की शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष करनी थी। इसी प्रकार उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों को ये विवरण उनके राज्य के मुख्य न्यायाधीशों के समक्ष पेश करने थे। यहां ये उल्लेखनीय है कि इस प्रस्ताव के साथ एक शर्त भी जुड़ी थी कि ये घोषणाएं स्वैच्छिक और गोपनीय रहेंगी। लेकिन साथ ही सार्वजनिक विमर्श में यह मुद्दा भी रहा कि जनता भी इन जानकारियों को जानने की इच्छुक रहती है। वहीं दूसरी ओर वर्ष 2005 में सूचना के अधिकार अधिनियम को एक उम्मीद की किरण के रूप में देखा गया। लेकिन सूचना के अधिकार अधिनियम के एक प्रावधान में व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक करने में छूट दी गई थी। तर्क दिया गया था कि जब तक व्यापक सार्वजनिक हित में जरूरी न हो, प्रकटीकरण में छूट दी जाए। दरअसल, इन प्रावधानों से न्यायाधीशों की संपत्ति की घोषणाओं की मांग करने वाले याचिकाकर्ताओं के लिए एक अवरोध पैदा हुआ। यहां उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में अदालती कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग की अनुमति देते हुए कहा था कि सूर्य का प्रकाश वास्तव में सबसे अच्छा कीटाणुनाशक है। इस वक्तव्य के आलोक में न्यायाधीशों को भी अपनी संपत्ति के बारे में वास्तविक जानकारी सार्वजनिक परिदृश्य में रखने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए। अन्यथा तथ्यों की परदादारी जनमानस के मन में कतिपय संशयों को भी जन्म दे सकती है। न्यायिक परिदृश्य में पारदर्शिता उजागर करने में विधायिका की सक्रिय भूमिका भी वक्त की मांग है। यहां उल्लेख करना समीचीन होगा कि विधि एवं न्याय विभाग की संसदीय समिति ने वर्ष 2023 में न्यायाधीशों के लिये अनिवार्य रूप से संपत्ति की घोषणा की सिफारिश की थी। लेकिन इस बाबत अभी तक कोई वैधानिक नियम नहीं बनाए गए हैं। निर्वाचित प्रतिनिधियों और नौकरशाहों को अपनी संपत्ति का सार्वजनिक खुलासा करना कानूनन अनिवार्य किया जा चुका है। ऐसे में आम जनमानस में धारणा बनी रहती है कि न्यायपालिका के बाबत भी कोई व्यवस्था होनी चाहिए। यह प्रश्न न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता और जबावदेही से भी जुड़ा है। यह सुखद होगा कि यदि ऐसी कोई पहल स्वयं न्यायपालिका की तरफ से होती है। न्यायपालिका हमेशा से समाज में पारदर्शिता व व्यावसायिक शुचिता की पक्षधर रही है। जनता इस कसौटी पर अपने पंच परमेश्वरों को भी खरा उतरता देखना चाहती है। निस्संदेह इस तरह के फैसले का दूरगामी प्रभाव भी होगा। इस दिशा में किसी भी पारदर्शी व्यवस्था का समाज में स्वागत ही होगा। ऐसे किसी भी कदम से उस आम आदमी के विश्वास को भी बल मिलेगा जो हर तरह के अन्याय व भ्रष्टाचार से तंग आकर उम्मीद की अंतिम किरण के रूप में न्यायालयों का रुख करता है। वह न्यायाधीशों को सत्य व सदाचारिता के प्रतीक के रूप में देखता है। वो न्याय देने वालों को न्याय की हर कसौटी पर खरा उतरना देखना चाहता है। यह न्याय की शुचिता की भी अनिवार्य शर्त है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे गिरिराजकुमारी! अब भगवान के अवतार का वह दूसरा कारण सुनो- मैं उसकी विचित्र कथा विस्तार करके कहता हूँ- जिस कारण से जन्मरहित, निर्गुण और रूपरहित (अव्यक्त सच्चिदानंदघन) ब्रह्म अयोध्यापुरी के राजा हुए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जो प्रभु बिपिन फिरत तुम्ह देखा। बंधु समेत धरें मुनिबेषा॥**
**जासु चरित अवलोकि भवानी। सती सरीर रहिहु बौरानी॥**

जिन प्रभु श्री रामचन्द्रजी को तुमने भाई लक्ष्मणजी के साथ मुनियों का सा वेष धारण किए वन में फिरते देखा था और हे भवानी! जिनके चरित्र देखकर सती के शरीर में तुम ऐसी बावली हो गई थीं कि-॥

**अजहुँ न छाया मिटति तुम्हारी। तासु चरित सुनु भ्रम रुज हारी॥**
**लीला कीन्हि जो तेहिं अवतारा। सो सब कहिहउँ मति अनुसारा॥**

अब भी तुम्हारे उस बावलेपन की छाया नहीं मिटती, उन्हीं के भ्रम रूपी रोग के हरण करने वाले चरित्र सुनो। उस अवतार में भगवान ने जो-जो लीला की, वह सब मैं अपनी बुद्धि के अनुसार तुम्हें कहूँगा॥

**भरद्वाज सुनि संकर बानी। सकुचि सप्रेम उमा मुसुकानी॥**
**लगे बहुरि बरनै बृषकेतू। सो अवतार भयउ जेहि हेतू॥**

(याज्ञवल्क्यजी ने कहा-) हे भरद्वाज! शंकरजी के वचन सुनकर पार्वतीजी सकुचाकर प्रेमसहित मुस्कुराईं। फिर वृषकेतु शिवजी जिस कारण से भगवान का वह अवतार हुआ था, उसका वर्णन करने लगे॥

(क्रमशः...)

# नीति, दृढ़संकल्प व करिश्माई नेतृत्व के दम पर राजनीति के शिखर पर भारतीय जनता पार्टी

सबका साथ, सबका विकास की विचारधारा से ओतप्रोत हो सशक्त, सुदृढ़, समृद्ध, समर्थ, स्वावलम्बी एवं विश्वगुरु भारत के निर्माण के लिए पूरी निष्ठा व ईमानदारी से समर्पित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 6 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मना रही है, भाजपा के प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा जिले, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की श्रृंखलाएं चलाई जा रही है, विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा की विचारधारा व केंद्र व भाजपा शासित राज्य सरकारों की नीतियों को लेकर के अधिक से अधिक लोगों के पास कैसे पहुंचा जाएं, देश व प्रदेशों का भाजपा नेतृत्व इसकी रणनीति निरंतर बना रहा है। वह अब भी यह देखकर संतुष्ट नहीं हैं कि उसने केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर के इतिहास रचने का कार्य कर दिया है, आज भी भाजपा के नेता व कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से पार्टी को ओर मजबूत करने में दिन-रात लगें हुए हैं, जो भाजपा संगठन की एक बहुत ही बड़ी खूबी है और उसको अन्य पार्टियों से अलग बनाती है।

देश की आज़ादी के बाद कभी डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी, प्रोफेसर बलराज मधोक व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में शून्य से अपनी राजनीति की शुरुआत करने वाली जनसंघ से लेकर के जनता पार्टी तक का सफ़र करते हुए भाजपा की स्थापना और फिर उसको देश व दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाने तक के कठिन सफ़र में भाजपा के लाखों करोड़ों निस्वार्थ भाव से लगे हुए संगठन शिल्पी नेताओं व कार्यकर्ताओं का बहुत ही अहम अनमोल योगदान रहा है, उन लोगों की त्याग, तपस्या, लगन, मेहनत, बलिदान से भाजपा आज इस मुकाम पर खड़ी है। भाजपा के कार्यकर्ताओं की इस मेहनत के इतिहास से भारत की राजनीति में रुचि रखने वाले लोगों को रूबरू अवश्य होना चाहिए। अस्सी के दशक में जनता पार्टी से अलग होकर के किस तरह से अटल बिहारी वाजपेयी व उनके अन्य सहयोगियों ने भारतीय जनता पार्टी का देश में विस्तार करने का एक सपना देखा था और उस सपने को उन सभी ने मिलकर के धरातल पर साकार करते हुए केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार का गठन करने वाले अहम मुकाम तक पहुंचाने का कार्य बखूबी से किया था।

वहीं इस सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की जोड़ी ने आगे बढ़ाते हुए केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर देश में व्याप्त ज्वलंत मुद्दों का एक-एक करके स्थाई समाधान करते हुए भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए काम करना निरंतर जारी रखा हुआ है। भाजपा दशकों के बाद आज भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म-मानवदर्शन को अपने वैचारिक दर्शन के सिद्धांतों पर पूरी तरह से अमल करती है। भाजपा का हमेशा अंत्योदय, सुशासन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विकास एवं सुरक्षा पर भी विशेष जोर रहा है, जो देश व समाज के हित में पूरी तरह से उचित है। भाजपा ने पांच प्रमुख सिद्धांतों के प्रति भी अपनी निष्ठा व्यक्त की, पांच सिद्धांत राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय अखंडता, लोकतंत्र, सकारात्मक पंथ-निरपेक्षता, गांधीवादी



**भाजपा ने एक राजनैतिक दल के रूप में शुरुआत से लेकर के आज तक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय एवं जनहित के मुद्दों को बहुत ही दमदार ढंग से उठाते हुए, देश के आम जनमानस के बीच बेहद ही कम समय में अपनी एक सशक्त पहचान बनाने का कार्य किया है।**

समाजवाद तथा मूल्य आधारित राजनीति करना हैं।

अपने सिद्धांतों के चलते ही स्थापना के समय से ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी खूबी यह रही कि उसके पास पार्टी व देशभक्ति की विचारधारा से ओतप्रोत राजनेताओं की एक लंबी जमात हमेशा रही है। पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी, कुशाभाऊ ठाकरे, बंगारू लक्ष्मण, के. जना कृष्णामूर्ति, एम वेंकैया नायडू, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अमित शाह, जेपी नड्डा के कार्यकाल का दौर निकट से देखा है और अटल बिहारी वाजपेयी व नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए भी देखा है, सभी का राष्ट्र प्रथम का ही उद्देश्य मुख्य रहा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पार्टी की स्थापना से लेकर आज तक भी भाजपा को कभी किसी एक परिवार व व्यक्ति की बपौती नहीं बनने दिया है, पार्टी में आज भी आंतरिक लोकतंत्र जिंदा है। देश व दुनिया में भाजपा की पहचान एक ऐसे राष्ट्रवादी राजनैतिक दल के रूप होती है, जिसका ध्येय देश में सुशासन, विकास, एकता एवं अखंडता के लिए कार्य करना है।

भाजपा ने एक राजनैतिक दल के रूप में शुरुआत से लेकर के आज तक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय एवं जनहित के मुद्दों को बहुत ही दमदार ढंग से उठाते हुए, देश के आम जनमानस के बीच बेहद ही कम समय में अपनी एक सशक्त पहचान बनाने का कार्य किया है। साथ ही बीतते हुए समय के साथ भाजपा के कर्ताधर्ताओं ने अपनी चाणक्य नीति व कुशल-कारगर ठोस रणनीति के दम पर देश की राजनीति व लोकतंत्र में अपनी भागीदारी दर्ज करते हुए बहुत सारे राज्यों व केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बना कर देश की राजनीति को नए आयाम देने का कार्य करते हुए, देश के आम जनमानस के दिलो-दिमाग पर छा जाने का कार्य बखूबी किया है।

भारत के राजनैतिक इतिहास को देखें तो यह स्पष्ट रूप से नज़र आता है कि वर्ष 2014 से देश की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी का स्वर्णिम काल का दौर चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व के दम पर भारतीय जनता पार्टी ने ना केवल तीसरी बार केंद्र की सत्ता पर कब्जा जमाने का काम किया है, बल्कि भाजपा के नाम देश व दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने का कीर्तिमान भी दर्ज हो गया है, राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा लगभग 11 करोड़ से अधिक सदस्यों वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है। भाजपा आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व अमित शाह की जोड़ी के करिश्माई नेतृत्व में आज एक ऐसा बेहद विशाल वट वृक्ष बन गई है, जिस पर भरोसा करते हुए देश की लगभग 50 से 60 फीसदी के करीब आबादी सकून से जीवन यापन कर रही है।

नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में वर्ष 2014 में पहली बार केंद्र में भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने अवसर मिला था। जिसके बाद से ही भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर अमल करते हुए देश के नव निर्माण का अभियान शुरू कर रखा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने बहुत ही कम समय में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल करने का कार्य किया है। मोदी सरकार ने विश्व भर में भारत की गरिमा को पुनर्स्थापित करने का कार्य किया है। मोदी सरकार में अन्त्योदय, सुशासन, विकास एवं समृद्धि के रास्ते पर देश तेजी के साथ बढ़ चला है। आर्थिक और सामाजिक सुधार सुरक्षित जीवन जीने का मार्ग उपलब्ध करा रहे हैं। केंद्र सरकार की किसानों के लिये ऋण से लेकर खाद तक की नयी नीतियों, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड आदि ने कृषि के तीव्र विकास की अलख जगायी है। मोदी के नेतृत्व में देश में सुशासन के नये युग का दौर चल रहा है। मोदी सरकार की चाहे आदर्श ग्राम योजना हो, स्वच्छता अभियान या फिर योग के सहारे भारत को स्वथ्य बनाने का अभियान, इन सभी कदमों से देश को एक नयी ऊर्जा मिली है। भाजपा की मोदी सरकार ने मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, अमृत मिशन, दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना, डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं से देश को आधुनिक और सशक्त बनाने की दिशा में मजबूत कदम उठाया है। जनधन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, आयुष्मान भारत जैसी अनेक योजनाएं देश में एक नयी क्रांति का सूत्रपात कर रही हैं, देश में केंद्र सरकार के द्वारा बड़े पैमाने पर विश्वस्तरीय अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने देशवासियों को विश्व की सबसे बड़ी सामाजिक सुरक्षा योजना का उपहार दिया है। राम मंदिर निर्माण, धारा 370, नोटबंदी, ट्रिपल तलाक, वक्फ बिल आदि भाजपा सरकार के दृढ़ संकल्प को दर्शाती हैं।

भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को देखकर लगता है कि वह एक सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ एवं स्वावलम्बी भारत के निर्माण हेतु निरंतर सक्रिय हैं, विदेशी नीति के मसले पर भारत सरकार अब विश्व शांति तथा एक न्याययुक्त अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को स्थापित करने के लिए विश्व के राष्ट्रों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। भाजपा सरकार में भारत वैश्विक मंच पर दमदार ढंग से अपनी बात रखने की ताकत रखता है। भाजपा की कल्पना भारत को एक ऐसे ताकतवर राष्ट्र बनाने की है, जिसकी निवासी खुशहाल हो, जो आधुनिक दृष्टिकोण से युक्त एक प्रगतिशील एवं प्रबुद्ध समाज का प्रतिनिधित्व करता हो तथा प्राचीन भारतीय सभ्यता एवं सनातन धर्म संस्कृति तथा उसके मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए महान विश्वशक्ति एवं विश्वगुरू के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हो।

**- दीपक कुमार त्यागी**

# सोशल मीडिया से बढ़ रहे रिश्तों के कत्ल

विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम की सीख देने वाले भारत जैसे अध्यात्म और शांति की धरा वाले देश में बढ़ती भौतिक विलासिता की चकाचौंध और सोशल मीडिया का जिंदगी में बढ़ता दखल, पारिवारिक-सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है। संबंधों में तकरार और फिर नृशंस तरीके से हत्या जैसे मामलों ने देश को झकझोर कर रख दिया है। मेरठ की मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपूत की हत्या कर दी। ऐसे ही मुजफ्फरनगर की पिंकी ने अपने आशिक के लिए अपने पति अनुज को जहर पिलाकर मार दिया। रिश्तों में हत्या का ऐसा ही प्रकरण बेंगलुरू में देखने को मिला, वहां के हुलीमावु क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करके उसकी बॉडी को सूटकेस में भर दिया। देश के अलग-अलग शहरों में हो रही ऐसी हत्याओं ने देश की जनता को पूरी तरह से हिलाकर रख दिया। आखिर यह सिलसिला कहां जकर थमेगा? इन घटनाओं ने सोचने-समझने के लिए मजबूर कर दिया है कि आखिर यह देश किस दिशा में जा रहा है? पिछले कुछ वक्त से देश के अलग-अलग हिस्सों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जिनमें पति पत्नी का और पत्नी पति का कत्ल कर देती है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में दुनिया भर में कुल 51 हजार 100 महिलाओं और लड़कियों का कत्ल हुआ है। इनमें से 60 फीसदी के करीब कत्ल महिलाओं या लड़कियों के अपने पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने किया। एक रिपोर्ट कहती है कि देश भर में हर साल औसतन 225 लोगों को उनकी पत्नियां कत्ल कर देती हैं और लगभग 275 पत्नियां अपने पति के हाथों मारी जाती हैं।


संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में हर ग्यारहवें मिनट में एक महिला या लडक़ी का कत्ल होता है। इनमें से औसतन हर रोज 140 महिलाओं या लड़कियों का कत्ल उनके घर के अंदर होता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन और लंदन स्कूल ऑफ हाइजिन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड साउथ एफ्रिकन मेडिकल रिसर्च काउंसिल की रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2022 में दुनिया भर में कुल 48 हजार 800 महिलाओं और लड़कियों के कत्ल हुए थे और इनमें से भी 60 फीसदी से ज्यादा कत्ल पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने ही किए थे। वर्ष 2022 में ऐसे अपराधों के मामलों में अफ्रीका पहले नंबर पर था और एशिया दूसरे नंबर पर। ऐसे अपराधों में अब 2023 में एशिया पहले नंबर पर है और अफ्रीका दूसरे नंबर पर है। आंकड़ा कहता है कि पार्टनर पति या रिलेशनशिप में दुनिया भर में जितने कत्ल होते हैं, उसकी 58 फीसदी शिकार महिलाएं या लड़कियां होती हैं। लेकिन चौंकाने वाला आंकड़ा यह भी है कि इसी पार्टनर और रिलेशनशिप की वजह से 42 फीसदी पुरुषों का भी कत्ल होता है। अर्थात यह अंतर ज्यादा नहीं है। ब्रिटिश मेडिकल जनरल लेनसेट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 60 फीसदी महिलाओं के कत्ल मौजूदा या फिर पूर्व पार्टनर की वजह से होते हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में महिलाओं के कत्ल का सबसे ज्यादा खतरा उन्हीं के मौजूदा या पूर्व पार्टनर से ही होता है। जबकि पूर्व या मौजूदा महिला पार्टनर के हाथों पुरुषों के कत्ल का प्रतिशत सिर्फ साढ़े 6 फीसदी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक देश में हर साल कितने पति अपनी पत्नी का या पत्नी अपने पति का कत्ल करती हैं। एनसीआरबी के 2022 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि इश्क और रिश्तों में लोग अब जान नहीं देते बल्कि जान लेते हैं। भारत में जिन वजहों से सबसे ज्यादा कत्ल होते हैं, उनमें लव अफेयर और शादी के बाद संबंधों के मामलों में होने वाला कत्ल तीसरे और चौथे नंबर पर आता है। देश में होने वाले हर 10 में से औसतन एक कत्ल किसी न किसी आशिक-माशूक या पति-पत्नी के हाथ से ही होता है।

आंकड़ों के मुताबिक पूरे देश में कुल 28 हजार 522 कत्ल के मामले सामने आए। ये तमाम कत्ल 19 अलग-अलग वजहों से हुए। मसलन, निजी दुश्मनी, सांप्रदायिक और धार्मिक वजह, राजनीतिक वजह, डायन प्रथा, जातिवाद, विवाद, या लूट-डकैती। परेशान करने वाली बात यह है कि इन 19 वजहों में से तीसरी और चौथी नंबर पर कत्ल की जो वजह बनी वो इश्क, धोखा, फरेब और शादी के बाद के संबंध थे। 28 हजार 522 कत्ल के कुल मामलों में से कुल 2 हजार 821 कत्ल इसी वजह से हुए। ऐसा नहीं है कि इश्क में पहले कत्ल नहीं हुआ करते थे। पहले भी आशिकों ने हाथों में खंजर या तमंचे उठाए हैं। लेकिन 2010 के बाद से पति-पत्नी, इश्क, बेवफाई और अवैध संबंध की वजह से होने वाले कत्ल की तादाद तेजी से बढ़ी। पिछले 15 सालों के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो साफ पता चलता है कि जैसे-जैसे सोशल मीडिया का चलन बढ़ा, पति-पत्नी के रिश्ते, शादी के बाद के संबंध और इश्क और खूनी होता चला गया। आंकड़ों के हिसाब से 2010 से 2014 के दरम्यान लव अफेयर और संबंधों की वजह से होने वाले कत्ल का प्रतिशत 7 से 8 फीसदी था। लेकिन 2015 से 2022 के दरम्यान ये बढक़र 10 से 11 फीसदी हो गया। ये गिनती लगातार बढ़ती जा रही है। एनसीआरबी के डेटा के मुताबिक 2022 में देशभर में खुदकुशी के कुल 17 हजार 924 केस दर्ज हुए थे, जिनमें से अकेले शादी से जुड़े मामलों में 8 हजार 204 पति या पत्नी ने खुदकुशी की। जबकि इश्क के चलते 7 हजार 692 प्रेमी जोड़ों में से किसी एक ने खुदकुशी कर ली। इसके अलावा अवैध संबंधों की वजह से भी 855 लोगों ने खुदकुशी की। एनसीआरबी के अलावा नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के एक आंकड़े के मुताबिक 4 फीसदी शादीशुदा महिलाओं ने यह माना है कि वो अपने पति को शारीरिक तौर पर चोट पहुंचाती हैं।


**-योगेंद्र योगी**

# राशिफल

**चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी** | **(विक्रम संवत् 2082)**




**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आमदनी में वृद्धि होगी। कुटुंबों में वृद्धि होगी। शब्द-साधक की तरह व्यवहार करेंगे।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
सुकुमारता के प्रतीक बने रहेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। शुभता के प्रतीक बने रहेंगे।




**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
खर्च की अधिकता रहेगी, हालांकि शुभ कार्यों में खर्च होगा। प्रेम-संतान की स्थिति मध्यम।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शुभ समय। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्रोत बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।




**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगा। राजनीतिक लाभ होगा। व्यापारिक संतुलन बनेगा।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की होगी। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे।



**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।




**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम-संतान अच्छा।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी व व्यापार अच्छा रहेगा।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
संतान की स्थिति बहुत अच्छी है। प्रेम की स्थिति बहुत अच्छी है। व्यापारिक दृष्टिकोण से भी शुभ संकेत।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी के प्रबल योग बन रहे हैं। घर में कुछ उत्सव हो सकता है।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान का साथ होगा।

# दुजाना गाँव में भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा का हुआ भव्य स्वागत समारोह




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दुजाना गाँव में दूजाना नागर क्लब द्वारा भाजपा के नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा का बाबा फार्महाउस क्लब में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौतमबुद्धनगर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष माननीय सतेन्द्र शिसोदिया ने की।

सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा, भाजपा नेतृत्व ने युवाओं पर विश्वास जताते हुए अभिषेक शर्मा को जिलाध्यक्ष बनाया है। उनके परिवार की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी पृष्ठभूमि उन्हें संगठन में मजबूती से कार्य करने के लिए प्रेरित करती है।

क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिसोदिया ने कहा, जनपद को एक ऊर्जावान, युवा और जोशीला जिलाध्यक्ष मिला है, जो पार्टी के कार्यों को जन-जन तक पहुँचाएंगे।

दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर ने कहा, अभिषेक शर्मा के जिलाध्यक्ष बनने से युवाओं में जबरदस्त उत्साह है और इससे पार्टी में युवाओं की भागीदारी और बढ़ेगी।

जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने सभी ग्रामवासियों, कार्यकर्ताओं और पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन और सरकार के कार्यों को जनता तक पहुँचाते हुए जनसेवा के लिए समर्पित रहेंगे। कार्यक्रम को एमएलसी श्रीचन्द शर्मा और पूर्व विधायक सतवीर गुर्जर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक मास्टर तेजपाल नागर, पवन नागर, हरेन्द्र नागर, अनिल प्रधान, महेंद्र नागर, अमन कौशिक, दीपक नागर, कर्मवीर आर्य, रवि जिन्दल, नीतीश भाटी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के बादलपुर मंडल अध्यक्ष महेंद्र नागर के मंडल कार्यालय का उद्घाटन शनिवार को भव्य रूप में संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा मौजूद रहे।

विधायक मास्टर तेजपाल नागर ने उद्घाटन के अवसर पर कहा, मंडल कार्यालय के खुलने से संगठन का काम और तेज़ी से होगा और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को बेहतर समन्वय का लाभ मिलेगा। इससे संगठन को और अधिक मज़बूती मिलेगी।

जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, यह कार्यालय पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच समर्थन, समर्पण और सेवा के कार्यों को बढ़ावा देगा। सभी कार्यकर्ता पार्टी के स्थापना दिवस को प्रत्येक बूथ पर ध्वजारोहण कर मनाएं और अपने-अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाकर सेल्फी सोशल मीडिया पर अपलोड करें।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष देवा भाटी, वेद नागर, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, देवेन्द्र त्यागी, अर्पित तिवारी सहित सैकड़ों बूथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कुलीपुरा गाँव में भव्य पुस्तकालय का उद्घाटन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कुलीपुरा गाँव में शिक्षा को नई दिशा देने के उद्देश्य से निर्मित पुस्तकालय का उद्घाटन भव्य रूप से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख विपिन भाटी (घंघोला) और पौंड मैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध पर्यावरणविद् श्री रामवीर तंवर ने फीता काटकर पुस्तकालय का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विशेष अतिथियों के रूप में श्योराज राज सिंह, भभूति सिंह, हातम सिंह, नरेंद्र सिंह, बिजेंद्र सिंह ठेकेदार, सुबोध भाटी, पवन भाटी समेत अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। गाँववासियों ने अतिथियों का स्वागत बुके और फूल मालाओं के साथ किया। कार्यक्रम का संचालन मास्टर मेघराज भाटी द्वारा किया गया।

ब्लॉक प्रमुख विपिन भाटी ने कहा, अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के बाद युवाओं को अपने गाँव की सेवा करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने पुस्तकालय के लिए 51,000 नगद एवं भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

रामवीर तंवर ने शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 65 इंच का स्मार्टबोर्ड और एक लैपटॉप देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने अन्य आवश्यक सहयोग का भी भरोसा दिलाया। बिजेंद्र भाटी ठेकेदार ने भी 51,000 की सहायता राशि देने की घोषणा की। डॉ. संजीव सिंह ठाकुर ने पुस्तकालय के लिए वाटर कूलर, वाई-फाई सुविधा एवं एक साल का रिचार्ज देने का वादा किया। नरेंद्र भाटी (घंघोला) ने भी अपने विचार साझा करते हुए शिक्षा को समाज के विकास की नींव बताया।

गाँव के वरिष्ठ शिक्षक मास्टर नत्थे राम ने बताया कि इस पुस्तकालय की प्रेरणा पास के घंघोला गाँव की लाइब्रेरी से मिली। उन्होंने बताया कि यह सपना गाँववासियों के परिश्रम एवं सहयोग से साकार हो सका है और शेष बचे कार्य भी शीघ्र पूर्ण किए जाएंगे।

इस अवसर पर अजीपाल प्रधान, मास्टर नत्थे राम, जयचंद, रणवीर सिंह, हरि सिंह, राजेंद्र सिंह, जसबीर सिंह, अशोक कुमार, सुबोध भाटी, नरेंद्र भाटी, गुड्डू भाटी, विपिन भाटी, अंकुश भाटी, पौंड मैन सचिन भाटी, गजन भाटी, श्रीपाल, हरेंद्र शर्मा, तेज सिंह मास्टर आदि लोग मौजूद रहे।

# फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूएज़ की बैठक आयोजित



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** फेडरेशन ऑफ आर0डब्ल्यू0एज़ ग्रेटर नोएडा की एक महत्वपूर्ण बैठक आज सेक्टर-03 में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मनोज भाटी ने की, जबकि संचालन का दायित्व देवेंद्र टाइगर ने निभाया। इस बैठक का आयोजन फेडरेशन के कोषाध्यक्ष भुवनेश्वर गर्ग द्वारा किया गया।

बैठक में ग्रेटर नोएडा शहर की विभिन्न आरडब्ल्यूएज़ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे और सभी ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और सुझावों को साझा किया। प्रमुख मुद्दों में पानी के बिलों में लगातार हो रही बढ़ोतरी, गार्बेज चार्ज लगाए जाने, और परिवहन व्यवस्था की खामियों को लेकर गंभीर चर्चा हुई।

प्रतिनिधियों ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण हर वर्ष पानी के शुल्कों में वृद्धि करता है, लेकिन सप्लाई की स्थिति अभी भी संतोषजनक नहीं है। इससे आम नागरिकों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है।

प्राधिकरण द्वारा शहरवासियों पर लगाए गए गार्बेज चार्ज को भी सभी आरडब्ल्यूएज़ ने अनुचित बताते हुए इसका विरोध किया। फेडरेशन ने बताया कि यह मुद्दा पहले भी अधिकारियों के समक्ष उठाया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया।

बैठक में अधिकारियों की कार्यशैली और निर्णय प्रक्रिया पर भी चिंता व्यक्त की गई। प्रतिनिधियों ने कहा कि समस्याएँ लंबे समय से उठाई जा रही हैं, लेकिन प्राधिकरण की ओर से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिल रही।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूएज़ शीघ्र ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से मुलाकात कर इन मुद्दों को पुनः मजबूती से रखेगी और आवश्यक कार्रवाई हेतु दबाव बनाएगी। बैठक में दीपक भाटी, जितेंद्र शर्मा, योगेंद्र मावी, राव कपिल भाटी, राजकुमार सरधना, युधिष्ठिर शर्मा, लोकेश चौहान (एडवोकेट), आरके दीक्षित, अमित भाटी, सुरेंद्र शर्मा, देवराज सिंह नगर, संजय कसाना, एनपी सिंह, आलोक नगर, बॉबी भाटी, सूर्य तिवारी, विशाल शर्मा, आज़ाद सिंह, परितोष भाटी, अरविंद सिंह, रजनीश कुमार, प्रवीण यादव सहित अनेक उपस्थित रहे।

# भाजपा का 45वां स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाया गया



**ज्ञानपुर ( भदोही )।** भारतीय जनता पार्टी का 45वां स्थापना दिवस ज़िला कार्यालय जोरई स्थित ज्ञानपुर में भव्य और दिव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर ज़िलाध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया और पुष्पगुच्छ व मालाओं से अतिथियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खादी ग्रामोद्योग आयोग के सदस्य एवं ज़िला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी रहे। उन्होंने एक विशेष कांफ्रेंस के माध्यम से पार्टी की विचारधारा, इतिहास, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीति-रीतियों से अवगत कराते हुए उन्हें संगठनात्मक मजबूती के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में बताया गया कि भाजपा की नींव भले ही 6 अप्रैल 1980 को पड़ी हो, लेकिन इसकी वैचारिक जड़ें 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा गठित भारतीय जनसंघ से जुड़ी हुई हैं। आज भाजपा न केवल भारत की सबसे बड़ी पार्टी है, बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भी बन चुकी है।

कार्यक्रम में भाजपा की अब तक की संसदीय यात्रा का भी उल्लेख किया गया। 1984 में महज 2 सीटों से शुरुआत कर, पार्टी ने 2014 में 282, 2019 में 303 और 2024 की 18वीं लोकसभा में 240 सीटों पर जीत हासिल की। वहीं उत्तर प्रदेश में 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में विजयी होकर भाजपा ने लगातार सरकार बनाई।

भाजपा वर्तमान में उत्तर प्रदेश के 98 जिलों में सक्रिय है, जिसमें 70 ज़िलाध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी है। प्रदेश में कुल 1,62,459 बूथ हैं, जहां 17 सदस्यीय बूथ समितियाँ कार्यरत हैं। प्रदेश के 23,000 से अधिक ग्राम पंचायतों में भाजपा के ग्राम प्रधान हैं। नगर पालिका परिषदों में 104, नगर पंचायतों में 196 और 67 ज़िला पंचायतों में भाजपा का नेतृत्व है। पार्टी ने बीते 8 वर्षों में हुए 42 उपचुनावों में 74व्व स्ट्राइक रेट के साथ 32 सीटों पर जीत दर्ज की है।

ज़िलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा ने 2014 से अब तक कई महत्वपूर्ण चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है और आगे भी संगठन की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

इस अवसर पर सांसद डॉ. विनोद बिंद, विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी, पूर्व ज़िलाध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, कन्हैयालाल मिश्रा, संतोष पांडेय, बिनय श्रीवास्तव, रमेश पांडेय, संतोष तिवारी, सत्यशील गुप्ता, लालता प्रसाद सोनकर, सुनील मिश्रा, विकास मिश्रा, लक्ष्मी बिंद, प्रदीप सिंह, गोवर्धन राय, छत्रपति सिंह, मनीष पांडेय, शिवम, आकाश तिवारी, दीपक सिंह, लालमणि मिश्रा, संतोष सिंह, स्नेहलता श्रीवास्तव, प्रियंका जायसवाल, संगीता खन्ना, पूनम गुप्ता, वेडमोर राजेंद्र प्रसाद दुबे, सुरेंद्रनाथ पांडेय, राजेश सिंह, राजेंद्र पाल बघेल, अखिलेंद्र सिंह बघेल, चिंटू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।






## खोया पाया

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता हैं कि मैं K M सरिता पुत्री श्री सत्यपाल सिंह निवासी-फ्लैट नबर 104, टावर 05, आम्रपाली ग्रांड सैक्टर-जीटा-01 ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश)। मैंने हाई स्कूल की परीक्षा S K इंटर कालेज संनोटा बुलंदशहर से वर्ष 1999 में पास की थी। जिसमें मेरा क्रमांक 0928709 व अनुक्रमांक 0215782 हैं। मेरा माइग्रेशन सर्टिफिकेट कहीं गुम हो गया है जिसका उपयोग किसी अन्य द्वारा अवैध होगा। मिलने पर उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# जिलाधिकारी ने हवेलियां खार नाले का किया निरीक्षण सफाई व्यवस्था की समीक्षा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र अनिल कुमार ने हवेलियां खार नाले का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य नाले की साफ-सफाई, गाद निकासी एवं उसके समुचित निस्तारण की वास्तविक स्थिति का जायजा लेना था।

इस दौरान वन विभाग, सिंचाई विभाग, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की क्रियान्वयन टीम, जिला उद्योग केंद्र व कलेक्ट्रेट के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने मौके पर नाले की सफाई कार्य में संलग्न ठेकेदार टीम के अधिकारियों से गहराई मापने संबंधी जानकारी ली और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सफाई कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए।

निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी ने इकोटेक-2 औद्योगिक क्षेत्र तक नाले के पुस्ते पर भ्रमण किया और उद्योग विहार एक्सटेंशन से सटे क्षेत्र में बनाए गए नवनिर्मित प्रवेश एवं निकास मार्ग को देखकर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने इसे क्षेत्र के औद्योगिक विकास और ट्रैफिक व्यवस्था के लिए सकारात्मक कदम बताया।

निरीक्षण के दौरान आईआईए ग्रेटर नोएडा टीम के राष्ट्रीय सचिव विष्णु रद गौतम, जेड रहमान, सरबजीत सिंह, जे.एस. राणा, इदरीश खान समेत क्षेत्र के कई उद्यमी बंधु भी उपस्थित रहे। उन्होंने नाले की सफाई और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए जिलाधिकारी के प्रयासों की सराहना की।

# इलेक्ट्रॉनिक चिप से धर्मकांटों पर करते थे घटतौली, गिरोह पकड़ा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** इलेक्ट्रॉनिक चिप की मदद से धर्म कांटों पर घटतोली की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को थाना सेक्टर-113 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से इलेक्ट्रॉनिक चिप, रिमोट व चाकू बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपी धर्म कांटों पर चोरी छुपे चिप लगाकर कंस्ट्रक्शन मैटेरियल के वजन को बढ़ा देते थे।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। रेडियंट स्कूल के पास तीन युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने पीछा कर तीनों को दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से एक इलेक्ट्रॉनिक चिप, रिमोट व चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम राहुल, सुमित कुमार व अनिल बताये।

पूछताछ में पकड़े गए सुमित कुमार ने बताया कि वह कंस्ट्रक्शन मटेरियल का ठेकेदार है और कंस्ट्रक्शन मैटेरियल को ट्रकों में भरकर कंस्ट्रक्शन साइट पर उपलब्ध कराता है। वह तथा अनिल दोनों दोस्त हैं और राहुल को पिछले 2 वर्षों से जानते हैं। सुमित कुमार ने बताया कि राहुल पूर्व में धर्म कांटा ऑपरेटर का काम करता था। इस दौरान वह दोनों उसके संपर्क में आए।

# एक्वामेट्रो के 12 स्टेशनों पर शुरू होगी पार्किंग की सुविधा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा रूट पर एक्वा लाइन मेट्रो स्टेशन से मेट्रो पकड़ने वाले लोगों को अब पार्किंग की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। एक्वा लाइन मेट्रो के 12 और स्टेशनों पर पार्किंग शुरू की जाएगी। इसके लिए नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इनके लिए अगले सप्ताह टेंडर जारी कर दिया जाएगा। कुछ दिन पहले ही नए सिरे से 4 स्टेशन पर पार्किंग शुरू करने के लिए एजेंसी का का चयन किया गया है। अभी सेक्टर 51 और अल्फा-1 पर पार्किंग शुरू हुई है, वहीं 142 और 146 स्टेशन पर जल्द पार्किंग शुरू होगी।

एनएमआरसी के अधिकारियों के मुताबिक इस एक्वा लाइन पर 21 स्टेशन हैं। इनमें से 16 स्टेशन पर पार्किंग शुरू करने की योजना बनाई गई थी। बाकी बचे 5 स्टेशनों पर काफी कम संख्या में लोग यात्रा करते हैं। ऐसे में संबंधित स्टेशनों पर पार्किंग शुरू करने की योजना नहीं है। अधिकारियों के अनुसार कुछ ही दिन पहले सेक्टर-51, 142, अल्फा वन और 146 स्टेशन पर पार्किंग शुरू की गई है। इन जगह डिजिटल बूम बैरियर समेत दूसरी चीजें लगाई गई हैं। एंड्रॉयड बेस मोबाइल ऐप भी जल्द शुरू किया जाएगा। इन जगह ऑटोमेटिक बैरियर के पास पहुंचने पर आने-जाने का समय नजर आएगा। पार्किंग चार्ज का ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे। इसके साथ ही नकद से भुगतान का विकल्प रहेगा।

अधिकारियों के मुताबिक अब इस लाइन के 12 स्टेशनों पर पार्किंग शुरू करने के लिए अगले सप्ताह फिर से टेंडर जारी किया जाएगा। पिछली बार जारी किए गए टेंडर में एजेंसियां नहीं आई थीं। अधिकारियों ने कहा कि इस लाइन पर धीरे-धीरे राइडरशिप बढ़ती जा रही है। इसके कारण से दूसरे स्टेशनों पर भी पार्किंग की जरूरत होती जा रही है।

अल्फा वन मेट्रो स्टेशन पर ही वाहनों के लिए बहुमंजिला पार्किंग बनाई जाएगी। यहां पर एक हजार से ज्यादा वाहन पार्क हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि अल्फा वन मेट्रो स्टेशन पर काफी संख्या में लोग आते-जाते हैं। यहां पर पार्किंग बन जाने से मेट्रो स्टेशन के साथ ही आसपास आने वाले लोगों को वाहन खड़े करने में आसानी होगी।


## पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना सं. कार./इज्जत/इलै./ओ.टी./01/2025-26 दिनांक 04.04.2025**

निम्नलिखित कार्यो के लिए खुली ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कारखाना/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है:- **क्रम.सं.-1, कार्य का नामः** यांत्रिक कारखाना/इज्जतनगर में कोच संख्या 133921 के 154 बी.एच.पी. (कमिंस मेक) डी.जी. सेट ई.एस.एन. 84067957 मॉडल संख्या 06 बीटी एवं ई.एस.एन. 84083564 मॉडल संख्या 06 बीटी के ई - चेक मेन्टीनेन्स का प्रावधान, **अनुमानित लागत (₹में):**₹ 20,59,672.02, **धरोहर राशि (₹ में):** ₹ 41,200.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः** 30.04.2025, 15:00 बजे, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 90 दिन, **क्रम.सं.-2, कार्य का नामः** यांत्रिक कारखाना/इज्जतनगर में डिफरेंशियल प्रेशर स्विच के लिए आरडीएसओ संशोधन पत्र संख्या आर.डी.एस.ओ./पीई/एमएस/एसी/0089 (संशोधन 0-2022) दिनांक 06.02.2023 के अनुसार कोचों में संशोधन के लिए व्यापक अनुबंध का प्रावधान (लक्ष्य 2025-26 और 2026-27 के लिए), **अनुमानित लागत (₹में):**₹ 40,55,136.00, **धरोहर राशि (₹ में):** ₹ 81,100.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः** 30.04.2025, 15:00 बजे, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 24 माह, **क्रम.सं.-3, कार्य का नामः** यांत्रिक कारखाना/इज्जतनगर में बीजी कोचों को ए.आर.टी./ए.आर.एम.ई कोचों में परिवर्तित करने के संबंध में विद्युतीय कार्य।, **अनुमानित लागत (₹में):**₹ 29,50,123.63, **धरोहर राशि (₹ में):** ₹ 59,100.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः** 30.04.2025, 15:00 बजे, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 90 दिन, **नोटः** • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (का.)/**
**मुजाधि/विद्युत-03** **इज्जतनगर**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

## TENDER NOTICE

RWA, Gurjinder Vihar, Greater Noida, U.P.-201310, invites sealed quotations for providing Integrated Facility Management Services for Maintenance and Operations, Housekeeping and Arboriculture Services. The township is spread across 95 acres of which about 30 acres are parks/gardens. There are a total of 2822 flats in 95 towers. Print copies of the Tender can be obtained from RWA office on payment of INR 10,000/-. The Tender may also be downloaded from RWA Gurjinder Vihar website (awhogvgn.com). The last date of submission of bids is 24 Apr 25.



## दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# नहीं चला धोनी का बल्ला, दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को हराया

**चेन्नई (एजेंसी)।** लोकेश राहुल की 51 गेंद में 77 रन की पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को 25 रन से शिकस्त देकर मौजूदा सत्र में तीन मैचों में तीसरी जीत दर्ज की। दिल्ली ने छह विकेट पर 183 रन बनाने के बाद चेन्नई की पारी को पांच विकेट पर 158 रन पर रोक दिया। चेन्नई की चार मैचों में यह लगातार तीसरी हार है। चेन्नई ने 11वें ओवर में 74 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद विजय शंकर (नाबाद 69) और दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी (नाबाद 30) ने 57 गेंद में 84 रन की अटूट साझेदारी कर हार के अंतर को कम किया। शंकर ने 54 गेंद की नाबाद पारी में 5 चौके और 1 छक्का लगाया जबकि धोनी ने 26 गेंद की नाबाद पारी में एक चौका और एक छक्का लगाया। दिल्ली के लिए विप्रज निगम ने चार ओवर में 27 रन देकर दो जबकि कुलदीप यादव, मिचेल स्टार्क और मुकेश कुमार को एक-एक सफलता मिली।

इससे पहले राहुल ने एक छोर संभालते हुए अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के जड़े। ट्रिस्टन स्टब्स ने 12 गेंदों पर नाबाद 24 रन बनाए लेकिन बाद मथिशा पथिराना (31 रन पर एक विकट) ने आखिरी ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए दिल्ली की टीम को और बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुकेश कुमार ने दूसरे ओवर में अपनी गेंद पर शानदार कैच लपककर रचिन रविंद्र (तीन) को चलता किया तो वही स्टार्क के खिलाफ अगले ओवर में कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (पांच) बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जैक फ्रेजर मैकगुर्क को कैच दे बैठे। छठे ओवर में गेंदबाजी के लिए आये निगम ने अपनी फिरकी में डेवोन कॉन्वे (13) को फंसाया।

शिवम दुबे (18) ने इस गेंदबाज के खिलाफ चौका और छक्का जड़ा लेकिन एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में ट्रिस्टन स्टब्स को कैच दे बैठे। कुलदीप ने इसके बाद रविंद्र जडेजा (दो) को पगबाधा कर चेन्नई की उम्मीदों को लगभग खत्म कर दिया। एक छोर से विजय शंकर बड़ा शॉट लगाने के लिए संघर्ष कर रहे थे तो दूसरी ओर से दिग्गज धोनी का बल्ला भी गेंद के साथ अच्छे से संपर्क नहीं कर पा रहा था। शंकर ने मोहित और फिर कुलदीप के खिलाफ चौके लगाये जिससे टीम ने 15वें ओवर में रनों का सैकड़ा पूरा किया। टीम को आखिरी पांच ओवर में 78 रन चाहिए थे लेकिन शंकर और धोनी बड़ा शॉट खेलने में नाकाम रहे। शंकर ने 17वें ओवर में 43 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

धोनी ने मैच लगभग हाथ से निकल जाने के बाद मोहित शर्मा के खिलाफ छक्का लगाकर अपने प्रशंसकों को खुश होने का कुछ मौका दिया। आखिरी ओवर में मुकेश कुमार के खिलाफ शंकर ने छक्का और धोनी ने चौका लगाकर टीम के स्कोर को 150 रन के पार पहुंचाया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद दिल्ली को पहले ओवर में उस समय बड़ा झटका लगा जब स्कोरबोर्ड पर खाता खुलने से पहले खलील अहमद (25 रन पर दो विकेट) ने पहले ओवर में आक्रामक बल्लेबाज फ्रेजर मैकगुर्क को चलता कर दिया। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने हालांकि दूसरे ओवर में मुकेश चौधरी (बिना किसी सफलता के 50 रन) के खिलाफ तीन




चौके और एक छक्का लगाकर 19 रन बटोरते हुए आक्रामक तेवर दिखाए। राहुल त्रिपाठी की जगह टीम में आए चौधरी लाइन-लेंथ से सामंजस्य बिठाने के लिए जूझते दिखे।

राहुल ने दूसरे छोर से खलील के खिलाफ अपनी पारी का पहला छक्का लगाया जिससे दिल्ली ने पावरप्ले में एक विकेट पर 51 रन बना लिये। पावरप्ले के बाद गेंदबाजी के लिए आए जडेजा (19 रन पर एक विकेट) ने पोरेल की 20 गेंद में 33 रन की पारी को खत्म किया। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने क्रीज पर आते ही छक्के के साथ खाता खोला। वह भी हालांकि पोरेल की तरह अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में विफल रहे और 11वें ओवर में नूर अहमद (36 रन पर एक विकेट) की गेंद पर बोल्ड हो गए।

# आईपीएल : नटराजन सहित ये खिलाड़ी अवसर की तलाश कर रहे

**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में टी नटराजन सहित कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्हें उनकी टीमों ने बड़ी रकम देकर खरीदा है पर उन्हें अब तक एक भी मैच खेलने का अवसर नहीं मिला है। ऐसे भी ये खिलाड़ी अभी भी अवसर की तलाश कर रहे हैं



### टी नटराजन

तमिलनाडु के लिए खेलने वाले टी नटराजन ने भारत के लिए 2020 में डेब्यू किया था। घरेलू क्रिकेट में नटराजन को दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2025 की मैगा नीलामी में 10.75 करोड़ रुपये की भारी कीमत पर खरीदा था। इसके बाद भी उनको एक भी मैच खेलने का अवसर नहीं मिला है। इसका कारण है कि टीम में पहले से ही मिचेल स्टार्क, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार और दुष्मंथा चमीरा जैसे गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

### लुंगी एनगिडी

दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी को मेगा ऑक्शन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी ने एक करोड़ रुपये में खरीदा था पर टीम के सभी खिलाड़ शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में एनगिडी को शायद ही जगह मिले। टीम के पास भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल, रसिख सलाम जैसे तेज गेंदबाज पहले से ही हैं।

### शेमार जोसेफ

वेस्टइंडीज के तूफानी गेंदबाज शेमार जोसेफ को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने उन्हें 75 लाख रुपये में खरीदा था पर उन्हें भी अब तक एक भी मैच खेलन के अवसर नहीं मिला है।

### अनुकूल रॉय

झारखंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले ऑलराउंडर अनुकूल रॉय को केकेआर ने उन्हें 40 लाख रुपये के बेस प्राइस में शामिल किया है पर उन्हें एक भी मैच में अवसर नहीं मिला है। उन्हें आगे भी जगह मिलने की संभावना कम ही है।

# डब्लयूटीसी 2025-27 चक्र में बड़ी जीत पर बोनस अंक देगी आईसीसी!




**दुबई (एजेंसी)।** (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) 2025-27 के चक्र में बोनस अंक देने पर विचार कर रही है। डब्लयूटीसी का ये सत्र जून में भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से शुरू होगा। वर्तमान नियमों के अनुसार अभी छोटे अंतर या एक पारी के अंतर से जीतने वाली टीम को 12 अंक, मैच टाई होने पर छह अंक और ड्रॉ रहने पर चार अंक मिलते हैं पर अब आईसीसी बड़े अंतर से मिलने वाली जीत या पारी के अंतर की जीत पर बोनस अंक दे सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डब्लयूटीसी सत्र शुरू होने से ही पारी की जीत पर बोनस अंक देने जैसे मामलों पर बात हो रही है क्योंकि कई टीमों का मानना है कि बड़ी टीमों को हराने पर उन्हें उतना लाभ नहीं मिल रहा है जितना मिलना चाहिये। वहीं एक पूर्व खिलाड़ी ने कहा, 'अगर ऐसा होता है तो ये अच्छी शुरुआत होगी। इससे दोनो ही टीमों को बेहतर परिणाम देने की प्रेरणा मिलेगी। इसके साथ ही आईसीसी विरोधी टीम के मैदान पर जीत दर्ज करने पर भी अतिरिक्त अंक दे सकती है। इसका कारण है कि किसी भी टीम को उसके ही घरेलू मैदाना पर हराना आसान नहीं होता।

# क्या आज गुजरात टाइटंस को चुनौती दे पाएगी सनराइजर्स हैदराबाद

**–बल्लेबाजी और गेंदबाजी में सनराइजर्स हो रहे नाकाम**

**हैदराबाद (एजेंसी)।** अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना विशेष मुकाम रखने वाली सनराइजर्स हैदराबाद के लिए उसकी यह आक्रामकता अब हार का कारण बनाती जा रही है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को मैच में सनराइजर्स को अपनी इस शैली पर आत्ममंथन करना होगा। सनराइजर्स ने अपने पहले मैच में 286 रन बनाकर आईपीएल सीजन की धमाकेदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसके बल्लेबाजों की आक्रामकता नहीं चली। सनराइजर्स ने अगले तीन मैच में 190, 163 और 120 रन बनाए। सनराइजर्स को इन तीनों मैच में हार मिली। सनराइजर्स की टीम अभी अंक तालिका में 10वें और अंतिम स्थान पर है, और ऐसा लग रहा है कि विश्व चैंपियन पैट कमिंस की अगुवाई वाली यह टीम बिखरती जा रही है। बीते साल की उपविजेता सनराइजर्स की टीम आक्रामकता और अति आक्रामकता के बीच संतुलन बनाने में नाकाम साबित हो रही है और उसके अधिकतर बल्लेबाजों ने अपने विकेट आसानी से दे रहे हैं। सनराइजर्स के लिए राहत की बात यह है कि उसकी टीम को गुजरात के खिलाफ अगला मैच अपने घरेलू मैदान पर खेलना है, जहां अभी तक रन वर्षा होती रही है। सनराइजर्स को अगर हार की हैट्रिक पूरी करने के बाद वापसी करना है, तब उसके मुख्य बल्लेबाजों ट्रैविस हेड, इशान किशन, हेनरिक क्लासेन को धमाकेदार बल्लेबाजी करना होगा। सनराइजर्स के लिए गेंदबाजी भी चिंता का विषय है, क्योंकि युवा लेग स्पिनर जीशान अंसारी (चार विकेट) को छोड़कर कोई भी गेंदबाज खतरनाक नहीं दिख रहा है। कप्तान कमिंस की इकोनॉमी रेट 12.30 रन प्रति ओवर है, जबकि उनके देश के एडम ज़म्पा की इकोनॉमी रेट 11.75 है। अनुभवी मोहम्मद शमी भी महंगे साबित हो रहे है। उन्होंने अभी तक प्रति ओवर 10 रन दिए हैं। जहां तक गुजरात टाइटंस का सवाल है, तब लग रहा है कि टीम लय में आ चुकी है। बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ धमाकेदार जीत से उसकी टीम का मनोबल बढ़ गया है। इस मैच में जोस बटलर ने शानदार अर्धशतक लगाया था। बटलर, कप्तान शुभमन गिल और बी साईं सुदर्शन की मौजूदगी में उसका शीर्ष क्रम काफी मजबूत दिख रहा है। इन तीनों बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और उम्मीद है कि वे अपनी इस फॉर्म को आगे भी जारी रखे। गुजरात टाइटंस के मुख्य तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा हालांकि निजी कारणों से स्वदेश लौट गए हैं और यह देखना दिलचस्प होगा की टीम उनकी भरपाई किस तरह से करती है। उनकी जगह ग्लेन फिलिप्स को लिया जा सकता है जिनकी मौजूदगी में गुजरात की बल्लेबाजी और फील्डिंग को भी मजबूती मिलेगी।

**टीम इस प्रकार हैं :**

**सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायदे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, हेनरिक क्लासेन, ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, एडम ज़म्पा, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट और ईशान मलिंगा।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर, बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, राहुल तेवतिया, राशिद खान, निशांत सिंधु, महिपाल लोमरोर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, मानव सुथार, वाशिंगटन सुंदर, गेराल्ड कोएत्जी, मोहम्मद अरशद खान, गुरनूर सिंह बराड़, शेरफेन रदरफोर्ड, आर साई किशोर, इशांत शर्मा, जयंत यादव, ग्लेन फिलिप्स, करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया।

# 16 जुलाई से इटली में खेला जाएगा होपमैन कप : आईटीए

लंदन (ईएमएस)। होपमैन कप टेनिस टूर्नामेंट इटली के दक्षिणी शहर बारी में 16 से 20 जुलाई तक खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीए) ने कहा है कि इस साल इस मिश्रित टीम टूर्नामेंट में इटली, फ्रांस, स्पेन, यूनान, कनाडा और मौजूदा चैंपियन क्रोएशिया की टीमें भाग लेंगी। इसका आयोजन विंबलडन के एक सप्ताह बाद किया जाएगा। मालूम हो कि होपमैन कप के लिए टीमों में एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी शामिल होते हैं।




इसके एक मुकाबले में एक पुरुष एकल मैच, एक महिला एकल मैच और एक मिश्रित युगल मैच शामिल होता है पर इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक नहीं मिलते हैं। गौरतलब है कि ये टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी हैरी होपमैन के नाम पर, होपमैन कप 1989 में शुरू हुआ और 2020 तक हर साल खेला जाता था। पहले 30 वर्ष तक इसका आयोजन ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर में टेनिस सत्र के पहले सप्ताह में किया जाता था। आखिरी बार इसका आयोजन 2023 में फ्रांस में हुआ था जिसमें क्रोएशिया के डोना वेकिच और बोर्ना कोरिच चैंपियन बने थे।

# हमारे गेंदबाजों ने 10-12 रन ज्यादा दिए इसलिए लखनऊ से हम हारे : पंड्या



नई दिल्ली। हार्दिक पंड्या लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ मैच गंवाने के बाद निराश हैं। उनका कहना है कि हमारे गेंदबाजों ने विपक्षी टीम के खिलाफ 10 से 12 रन ज्यादा दिए जिसका हमें नुकसान हुआ। मुंबई को लखनऊ से 12 रन से हार मिली। मुंबई के कप्तान पांड्या ने गेंदबाजी करते हुए 36 रन देकर पांच विकेट लिए, लेकिन लखनऊ टीम ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद 8 विकेट पर 203 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 191 रन ही बना सकी और मैच गवां दिया। हार्दिक पंड्या ने मैच के बाद कहा कि हारना हमेशा निराशाजनक होता है। मैं ईमानदारी से कहूं तो मैदान में हमने 10-12 रन ज्यादा दिए। आखिरी में हम इसी अंतर से हारे। हार्दिक ने टी20 क्रिकेट में पहली बार पांच विकेट लिए हैं। आईपीएल में पांच विकेट लेने वाले वह पहले कप्तान बन गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा अपनी गेंदबाजी का लुत्फ उठाया है। मेरे पास ज्यादा विकल्प नहीं हैं, लेकिन मैं विकेट परखकर कर अपने विकल्प चुनता हूं। मैं विकेट लेने की जगह बल्लेबाजों से गलतियां करवाने की कोशिश करता हूं। मुंबई ने तिलक वर्मा को उस समय रिटायर आउट करने का फैसला किया जब टीम को जीत के लिए सात गेंद में 24 रन चाहिए थे। तिलक बड़ा शॉट खेलने में संघर्ष कर रहे थे, उन्होंने 23 गेंद में 25 रन बनाए।

# दोनो हाथों से गेंदबाजी करने वाले आईपीएल इहिहास के एकमात्र गेंदबाज हैं कामिंदू

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाज सिफत कौर समरा ने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में चल रहे एफ निशानेबाजी विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन (3पी) के फाइनल में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके स्वर्ण पदक जीता।

यह आईएसएसएफ विश्व कप में उनका पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक है। फरीदकोट की रहने वाली 23 वर्षीय सिफत ने शुक्रवार देर रात टिरो फेडरल अर्जेंटीनो डी ब्यूनस आयर्स शूटिंग रेंज में सत्र के पहले विश्व कप में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया।



विश्व रिकॉर्ड धारक सिफत नीलिंग पोजीशन में 15 शॉट के बाद जर्मनी की अनीता मैंगोल्ड से 7.2 अंक पीछे थी। उन्होंने हालांकि इसके बाद प्रोन और स्टैंडिंग पोजीशन में स्वप्निल वापसी करके पहला स्थान हासिल किया। सिफत 45 शॉट के फाइनल के बाद 458.6 अंकों के साथ पहले स्थान पर रही, जबकि मैंगोल्ड उनसे 3.3 अंक पीछे 455.3 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रही। कजाकिस्तान की जूनियर विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता अरीना अल्तुखोवा 445.9 के स्कोर के साथ 44वें शॉट के बाद बाहर होकर तीसरे स्थान पर रहीं। भारत प्रतियोगिता के पहले दिन कोई पदक नहीं जीत पाया था लेकिन अब उसके नाम पर एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक है और वह पदक तालिका में दूसरे स्थान पर है। भारत के लिए कांस्य पदक पुरुष 3पी में चैन सिंह ने जीता था।

चीन एक स्वर्ण और एक रजत के साथ शीर्ष पर है। सिफत ने क्वालीफाइंग में 590 का स्कोर बनाकर पहले स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया था। स्विट्जरलैंड की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चियारा लियोन और पूर्व ओलंपिक चैंपियन नीना क्रिस्टन शीर्ष आठ में जगह नहीं बना सकीं। कजाकिस्तान की एलेक्जेंड्रिया ले और अमेरिका की मैरी टकर जैसी ओलंपिक पदक विजेता भी क्वालीफाइंग की बाधा पार नहीं कर सकी।

पुरुषों और महिलाओं की स्कीट प्रतियोगिताओं में क्वालिफिकेशन के चार राउंड खेले गए हैं जिसमें पेरिस ओलंपियन रायज़ा ढिल्लों भारतीय खिलाड़ियों में सबसे आगे हैं। अभी इस स्पर्धा का एक और राउंड खेला जाना बाकी है जिसके बाद फाइनल होगा। रायज़ा क्रमशः 25, 22, 24 और 23 राउंड के बाद 94 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं, जो कि अंतिम क्वालीफाइंग स्थान है। गनेमत सेखों 92 के साथ 11वें, जबकि दर्शना राठौड़ (89) 18वें स्थान पर हैं। पुरुषों की स्कीट में भवतेग गिल ने 94 का स्कोर किया और वह 18वें स्थान पर हैं। उनके अलावा अनंत जीत सिंह नरुका ने 93 और गुरजोत खंगुरा ने 91 का स्कोर किया है।

# इस युग में द्रविड़ सर जैसे अविश्वसनीय इंसान का साथ मिलना सौभाग्य की बात : जायसवाल

मुंबई : भारत के पूर्व मुख्य कोच और राजस्थान रॉयल्स के मेंटर (मार्गदर्शक) राहुल द्रविड़ की देखरेख में खेलने वाले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि इस युग में उनके जैसा सहानुभूति के साथ देखभाल करने वाला इंसान का साथ मिलना सौभाग्य की बात है। भारतीय टेस्ट टीम के मुख्य सलामी बल्लेबाज जायसवाल राजस्थान रॉयल्स के अहम खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने अपने करियर पर द्रविड़ के प्रभाव के बारे में बात करते हुए पूर्व भारतीय दिग्गज को बेहतरीन इंसान करार दिया। जायसवाल ने 'जियोहॉटस्टार' से कहा, 'वह एक बेहतरीन इंसान हैं। इस युग में राहुल द्रविड़ सर जैसे खिलाड़ी का होना सौभाग्य की बात है।' इस खब्बू बल्लेबाज ने विस्तार से बताया कि द्रविड़ एक इंसान के तौर पर किस तरह अलग हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि वह एक बेहतरीन 'लीडर' है। वह एक शानदार सहायक और देखभाल करने के साथ हमेशा सभी का ख्याल रखने वाले इंसान है। वह खिलाड़ियों में आत्मविश्वास भरते हैं, उन्हें भरोसा दिलाते हैं कि वे सही जगह पर हैं। वह सही मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, जो व्यक्तिगत करियर और पूरी टीम दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।' द्रविड़ के साथ कोई भी बातचीत सीखने का अवसर है। जायसवाल ने कहा, 'उनके करीब रहना सीखने का अवसर है। यह सीख न केवल क्रिकेट के बारे में, बल्कि मैदान के बाहर उनके व्यवहार के बारे में भी है। उन्होंने वर्षों से इतनी शालीनता और संयम दिखाया है। उनसे सीखने के लिए बहुत कुछ है।' करियर के मोर्चे पर जायसवाल ने पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर मुंबई से गोवा जाने का फैसला किया है और अगले सत्र में रणजी ट्रॉफी में उनकी कप्तानी करने के लिए तैयार हैं (जब भी उन्हें खेलने का समय मिलेगा)। जायसवाल के इस फैसले का कारण हालांकि पता नहीं चल पाया है, लेकिन ऐसी अफवाहें हैं कि मुंबई की टीम के सीनियर सदस्यों के साथ उनके कुछ मतभेद हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे खुद पर बहुत भरोसा है। अपने खेल, अपने विचारों और अपनी क्षमताओं पर यकीन है। अपने करियर को आगे ले जाना आखिरकार मेरी ही जिम्मेदारी है और मुझे पता है कि मुझे कितनी मेहनत करनी है। क्रिकेट में बहुत त्याग की जरूरत होती है, लेकिन लोग तभी इस पर ध्यान देते हैं जब आप कुछ हासिल करते हैं या अच्छा प्रदर्शन करते हैं। मुझे लगता है कि सफल होने के लिए मुझे हर पहलू पर कड़ी मेहनत करने की जरूरत है अब वह चाहे अभ्यास हो, प्रशिक्षण हो, आहार हो या मानसिकता हो।'

# सुरक्षाकर्मियों के रोकने के बाद भी नहीं रुका खुशदिल शाह, दर्शकों से भिड़े



वेलिंगटन। पाकिस्तान की टीम शनिवार को न्यूजीलैंड के साथ तीसरा वनडे खेल रही है। मैच के दौरान पाकिस्तान के क्रिकेटर खुशदिल शाह की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। तस्वीरों में पाकिस्तान खिलाड़ी खुशदिल दर्शकों से उलझते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, पाकिस्तान टीम के क्रिकेटर और कुछ सुरक्षाकर्मी खुशदिल शाह को रोकते दिख रहे हैं। लेकिन खुशदिल उनके रोकने से भी नहीं रुक रहे हैं। बताया जा रहा हैं कि मैदान में मौजूद दर्शकों ने कुछ टिप्पणी की थी। इसके बाद खुशदिल खुद को रोक नहीं पाए और दर्शकों से उलझ गए। बता दें कि इससे पहले भी खुशदिल शाह के साथ न्यूजीलैंड में मसला हो चुका है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरिज के दौरान उनके ऊपर मैच फीस का 50 फीसदी जुर्माना लगाया गया था। तब खुशदिल ने बल्लेबाजी करते वक्त कीवी गेंदबाज फॉकेस को टक्कर मारी थी। उन्हें तीन डिमेरिट प्वॉइंट्स भी मिले थे।

## *धोनी के माता-पिता स्टेडियम पहुंचे*

# आईपीएल रिटायरमेंट की चर्चा जोरों पर



खेल डैस्क : चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में दिल्ली कैपिटलस के खिलाफ मुकाबला महेंद्र सिंह धोनी के लिए खास हो गया। काफी देर बाद धोनी के परिवार वाले उक्त मुकाबला देखने के लिए विशेष तौर पर पहुंचे। धोनी के परिवार की स्टेडियम में मौजूदगी देखते ही सोशल मीडिया पर अजब चर्चा छिड़ गई। यह चर्चा धोनी की रिटायरमेंट को लेकर चल रही थी। धोनी जोकि 43 साल के हैं, ने भले ही बीते दिनों रिटायरमेंट की खबरों का खंडन किया था लेकिन उन्होंने ईशारा किया था कि वह टीम के साथ (संभवतः मेंटोर) जुड़े रहेंगे। ऐसे में इस विशेष मुकाबले में धोनी के मां बाप को देखकर दर्शकों ने अनुमान लगाया कि धोनी रिटायरमेंट की और बढ़ चले हैं। धोनी की पत्नी साक्षी और बेटी जीवा भी मौजूद थीं, हालांकि वे अक्सर चेन्नई में आईपीएल मैच देखने जाती हैं। मैच से पहले ऐसी चर्चा थी कि अगर नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड़ चोट से उबरने में विफल रहे तो धोनी चेन्नई की टीम की कमान संभालेंगे। गायकवाड़ को पिछले रविवार को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में बल्लेबाजी के दौरान यह चोट लगी थी। गायकवाड़ के टॉस के लिए आने से हालांकि धोनी को कप्तानी और उनके प्रशंसकों को पुरानी यादें ताजा करने का मौका नहीं मिला। आईपीएल में 43 वर्षीय धोनी के भविष्य को लेकर काफी चर्चा हो रही है और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उनका नौवें नंबर पर उतरना खेल प्रशंसकों को अच्छा नहीं लगा।

# तिलक को रिटायर्ड आउट करना अच्छा नहीं था : हार के बाद बोले मुख्य कोच माहेला जयवर्धने

**लखनऊ (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने ने कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान तिलक वर्मा को रिटायर्ड आउट करना अच्छा नहीं था लेकिन तब वह परिस्थितियों के अनुसार आक्रामक बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे थे और इसलिए यह रणनीतिक फैसला किया गया। जयवर्धने ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'क्रिकेट में इस तरह की चीजें होती रहती हैं। और उसे बाहर करना अच्छा नहीं था लेकिन मुझे ऐसा करना पड़ा। यह उस समय एक रणनीतिक निर्णय था।'

तिलक ने भारत की तरफ से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दो शतक लगाए हैं। वह जब 23 गेंद पर 25 रन बना कर खेल रहे थे तब मुंबई की टीम ने उन्हें रिटायर्ड आउट करवा दिया और उनकी जगह मिशेल सेंटनर को भेजा गया जिनका स्ट्राइक रेट 106 है। मुंबई की यह रणनीति हालांकि कारगर साबित नहीं हुई और उसे 12 रन से हार का सामना करना पड़ा। जयवर्धने ने कहा, 'मुझे लगता है कि तिलक शुरू में अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था। हमें उम्मीद थी कि वह तेज गति से रन बनाएगा लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाया।'

उन्होंने कहा, 'मैंने आखिरी कुछ ओवरों तक इस उम्मीद में इंतजार किया कि तिलक तेजी से रन बनाएगा क्योंकि उसने क्रीज पर कुछ समय बिताया था। लेकिन वह रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहा था और तब मुझे लगा कि किसी नए खिलाड़ी को उतारना सही होगा।'

दूसरी तरफ लखनऊ के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने मुंबई के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए अपने गेंदबाजों की प्रशंसा की। मुंबई ने 204 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय तीन विकेट पर 143 रन बना लिए थे लेकिन इसके बाद आवेश खान, शार्दुल ठाकुर, दिग्वेश राठी और रवि बिश्नोई ने शानदार गेंदबाजी की।

लैंगर ने कहा, 'मुझे लगता है कि शार्दुल ठाकुर का वह ओवर (जिसमें उन्होंने सिर्फ सात रन दिए) शानदार था। इसने वास्तव में हमें मैच में बनाए रखा। इसके बाद निश्चित तौर पर आवेश खान ने मुश्किल परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन किया।' उन्होंने कहा, 'दिग्वेश राठी ने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। रवि बिश्नोई ने लय हासिल करना शुरू कर दिया है जो हमारे लिए वास्तव में बेहद महत्वपूर्ण है।'



# समर सीजन में लुत्फ उठाएं विटामिन सी रिच ये 9 चीजें, हेल्थ भी रहेगी मस्त-मस्त

गर्मियों में सेहत का ध्यान रखना काफी जरुरी होता है। अगर आप विटामिन सी भरपूर ये चीजें खाते हैं, तो आपकी सेहत बढ़िया रहेगी। विटामिन सी रिच फूड्स का सेवन करने से स्किन हेल्दी रहती है और डाइजेशन का बेहतर रहता है। इस लेख में हम आपको बताने जा रहे हैं विटामिन रिच इन 9 चीजों की जरुर खाएं।

विटामिन सी एक आवश्यक पोषक तत्व है जो प्रतिरक्षा प्रणाली का सपोर्ट करता है। विटामिन सी रिच फूड के सेवन से स्वस्थ त्वचा को बढ़ावा मिलता है और आयरन को अवशोषित करने में मदद करता है। यह एकदम सच है कि मानव शरीर में विटामिन सी का उत्पादन या भंडारण नहीं किया जा सकता है, इसलिए आहार के जरिए इसका नियमित रूप से सेवन करना महत्वपूर्ण है। ऐसे में कई फल और सब्जियां हैं, जो कि विटामिन से भरपूर होती हैं, जो दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने का एक नेचुरल और प्रभावी तरीका प्रदान करती हैं। अगर आप गर्मियों के मौसम में अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहते हैं, तो विटामिन से भरपूर फल और सब्जियों का सेवन करें। इस मौसम में खट्टे फल खाने का अलग ही स्वाद देता है। इस लेख में हम आपको बताने जा रहे हैं विटामिन रिच इन 9 चीजों की जरुर खाएं।

### लाल-पीली शिमला मिर्च

यदि आप विटामिन रिच डाइट का सेवन करेंगे तो आपको सामग्र स्वास्थ्य एकदम बढ़िया रहेगा। विटामिन सी भरपूर शिमला मिर्च में बीटा-कैरोटीन भी होता है। एक ऐसा एंटीऑक्सीडेंट होता है जो हेल्दी आई साइट को बढ़ावा देता है। इसमें मौजूद फाइबर हेल्दी डाइजेशन को सपोर्ट करता है।

### कीवी

सबसे ज्यादा विटामिन सी कीवी में पाया जाता है। इसमें विटामिन सी के साथ-साथ विटामिन ई और के भी मौजूद होता है। यह फल आपके दिल को स्वस्थ रखने में मदद करता है। इसके साथ ही कीवी हाइड्रेटेड रखता है।

### स्ट्रॉबेरी

समर सीजन में खट्टी-मिठी स्ट्रॉबेरी खाने का अलग ही मजा आता है। स्ट्रॉबेरी में एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी का एक समृद्ध स्तोत्र पाया जाता है। आप स्ट्रॉबेरी शेक, स्ट्रॉबेरी पैनकेक और आईसक्रीम भी घर पर बनाकर खा सकते हैं।

अमरूद

अमरूद का फल खाने में काफी स्वादिष्ट होता है और इसमें विटामिन सी भरपूर होता है। इसके सेवन से इम्यूनिटी बूस्ट होती है। अमरूद का सेवन करने से कैंसर के खतरे को कम किया जाता है।

### पपीता

गर्मियों में पपीता का फल खूब खाया जाता है। पपीता में विटामिन सी, विटामिन ए और विटामिन ई से भरपूर होता है। पपीता का खाने से पाचन भी स्वस्थ रहता है।

### केल

केल में सबसे ज्यादा विटामिन सी भरपूर होता है। इसमें कई सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं। केल को आप सलाद के तौर पर भी खा सकते हैं या फिर इसकी स्मूदी बनाकर सेवन कर सकते हैं। इसके सेवन से आपकी स्किन हेल्दी रहती है।

### चिली पेपर

काली मिर्च के नियमित सेवन से मेटाबॉलिज्म में सुधार करता है। इसके साथ ही यह ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता है और फैट को बर्न भी करता है। इसलिए आप चिली पेपर का सेवन कर सकते हैं।

### अनानास

अनानास में मैंगनीज का मात्रा सबसे ज्यादा पाई जाती है। यह ओवरऑल हेल्थ को बेहतरीन बनाता है। अनानास के सेवन से कई लाभ प्राप्त मिलते हैं। इसमें विटामिन सी भरपूर होता है। इसके सेवन से स्किन ग्लोइंग बनती है।

### ब्रोकली

ब्रोकली में सबसे ज्यादा पोषक तत्व पाए जाते हैं। आपको बता दें कि, एक कप कटी हुई कच्ची ब्रोकली में 81.2 मिलीग्राम विटामिन सी होता है। ब्रोकली खाने से हार्ट, ब्रेन हेल्थ और कैंसर की रोकथाम सहित कई अन्य स्वास्थ्य लाभों से भरपूर होता है।



# इन बीमारियों में घातक हो सकता है खजूर का सेवन, भूलकर भी डाइट में न करें शामिल

**क्या आप जानते हैं कि जहां खजूर खाने से ओवरऑल हेल्थ को काफी हद तक सुधारा जा सकता है। तो वहीं कुछ लोगों की सेहत पर खजूर खाने से नेगेटिव असर भी पड़ सकता है। ऐसे में आज हम आपको इस ड्राई फ्रूट्स के कुछ साइड इफेक्ट्स के बारे में बताने जा रहे हैं।**

अक्सर हम सभी अपनी डाइट में कुछ ड्राई फ्रूट्स को शामिल करते हैं। सही मात्रा में और सही तरीके से ड्राई फ्रूट्स को अपनी डाइट में शामिल करने से सेहत संबंधी कई समस्याएं दूर हो सकती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जहां खजूर खाने से ओवरऑल हेल्थ को काफी हद तक सुधारा जा सकता है। तो वहीं कुछ लोगों की सेहत पर खजूर खाने से नेगेटिव असर भी पड़ सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस ड्राई फ्रूट्स के कुछ साइड इफेक्ट्स के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि किन लोगों को खजूर का सेवन करने से बचना चाहिए।

### किडनी स्टोन के मरीज

किडनी के मरीजों को भी बिना डॉक्टर की सलाह पर खजूर को अपने डाइट प्लान का हिस्सा नहीं बनाना चाहिए। वहीं खजूर का अधिक मात्रा में सेवन करने से आपका वेट बढ़ सकता है। इसलिए अगर आप वेट लॉस करना चाहते हैं, तो आपको खजूर का सेवन करने से बचना चाहिए।

### डायरिया के मरीज

अगर आप डायरिया की समस्या से परेशान हैं, तो आपको खजूर खाने से बचना चाहिए। दरअसल, खजूर में पाए जाने वाले तत्व डायरिया की समस्या को बढ़ा सकते हैं। वहीं खजूर का अधिक मात्रा में सेवन करने से कब्ज की समस्या बढ़ सकती है।

### प्रेग्नेंट महिलाएं

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को अपने खानपान का खास ख्याल रखने की सलाह दी जाती है। लेकिन प्रेग्नेंट महिलाओं को खजूर का ज्यादा सेवन नहीं करना चाहिए। प्रेग्नेंसी में बिना डॉक्टर की सलाह के खजूर का सेवन करने से बचना चाहिए। वहीं कई लोगों को खजूर खाने से एलर्जी हो जाती है, ऐसे में इन लोगों को ड्राई फ्रूट को अपनी डाइट का हिस्सा नहीं बनाना चाहिए।





# एक साल में कितनी बार कर सकते हैं रक्तदान

**स्टैनफोर्ड ब्लड सेंटर की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि रक्तदान करने के बाद, शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं को पुनर्जीवित करने की प्रक्रिया तुरंत शुरू हो जाती है। हालांकि, रक्त के विभिन्न घटकों को बहाल होने में अलग-अलग समय लगता है, कुछ घटक कुछ घंटों या दिनों में बहाल हो जाते हैं, जबकि अन्य को पूरी तरह से बहाल होने में अधिक समय लग सकता है।**



रक्तदान करना एक नेक काम है जो किसी की जान बचाने में मदद कर सकता है। लेकिन रक्तदान के बाद कई लोग इस सवाल से परेशान रहते हैं कि रक्तदान के बाद शरीर को पहले जैसा रक्त दोबारा बनाने में कितना समय लगता है? यह सवाल न केवल रक्तदान के बाद शरीर के स्वास्थ्य के बारे में जानने के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह रक्तदान के बाद की सावधानियों और देखभाल के बारे में भी जानकारी देता है।

स्टैनफोर्ड ब्लड सेंटर की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि रक्तदान करने के बाद, शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं को पुनर्जीवित करने की प्रक्रिया तुरंत शुरू हो जाती है। हालांकि, रक्त के विभिन्न घटकों को बहाल होने में अलग-अलग समय लगता है, कुछ घटक कुछ घंटों या दिनों में बहाल हो जाते हैं, जबकि अन्य को पूरी तरह से बहाल होने में अधिक समय लग सकता है।

प्लाज्मा- रक्तदान के 24 से 48 घंटों के भीतर शरीर प्लाज्मा को पुनर्जीवित कर देता है।

लाल रक्त कोशिकाएं (आरबीसी)- लाल रक्त कोशिकाओं को पूरी तरह से बदलने में आमतौर पर 4 से 8 सप्ताह लगते हैं।

आयरन का स्तर- रक्त में आयरन के स्तर को सामान्य होने में 8 सप्ताह तक का समय लग सकता है।

### रक्तदान के बाद शरीर को ठीक होने में कैसे मदद करें?

1. पानी पीना- रक्तदान के बाद शरीर में पानी की कमी हो सकती है, इसलिए पर्याप्त पानी पीना आवश्यक है।
2. आराम करना- रक्तदान के बाद शरीर को आराम की आवश्यकता होती है, इसलिए कुछ घंटों के लिए आराम करें।
3. स्वस्थ आहार लेना-रक्तदान के बाद शरीर को स्वस्थ आहार की आवश्यकता होती है, जिसमें आयरन, विटामिन सी और अन्य पोषक तत्व शामिल हों।
4. आयरन की खुराक लेना- रक्तदान के बाद शरीर में लोहे की कमी हो सकती है, इसलिए आयरन युक्त खुराक लेना आवश्यक है।
5. शारीरिक गतिविधियों से बचना- रक्तदान के बाद शारीरिक गतिविधियों से बचना आवश्यक है, क्योंकि यह शरीर को अधिक थका सकती हैं।
6. चाय और कॉफी से बचना- रक्तदान के बाद चाय और कॉफी से बचना आवश्यक है, क्योंकि ये पेय पदार्थ शरीर में पानी की कमी कर सकते हैं।
7. डॉक्टर की सलाह लेना- रक्तदान के बाद डॉक्टर की सलाह लेना आवश्यक है, क्योंकि वे आपको शरीर को ठीक होने में मदद करने के लिए विशिष्ट सलाह दे सकते हैं।

### रक्तदान करना स्वयं रक्तदाता के लिए कई तरीकों से फायदेमंद होता है

1. स्वास्थ्य जांच- रक्तदान करने से पहले आपका स्वास्थ्य जांचा जाता है, जिससे आपको अपने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिलती है।
2. आयरन का स्तर नियंत्रित करना- रक्तदान करने से आपके शरीर में आयरन का स्तर नियंत्रित रहता है, जो आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।
3. हृदय स्वास्थ्य में सुधार- रक्तदान करने से आपके हृदय स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है, क्योंकि यह आपके शरीर में रक्त के प्रवाह को नियंत्रित करता है।
4. तनाव कम करना- रक्तदान करने से आपको तनाव कम करने में मदद मिल सकती है, क्योंकि यह आपको दूसरों की मदद करने का अवसर प्रदान करता है।

### एक साल में खून कितनी बार दान किया जा सकता है?

- खून दान करने की आवृत्ति कई कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें से कुछ प्रमुख कारक हैं-
- लिंग- पुरुष खून दान करने के लिए हर 3 महीने में योग्य होते हैं, जबकि महिलाएं हर 4 महीने में योग्य होती हैं।
- आयरन का स्तर- खून दान करने से पहले आयरन का स्तर जांचा जाता है। यदि आयरन का स्तर कम है, तो खून दान करने की आवृत्ति कम हो सकती है।
- स्वास्थ्य- खून दान करने से पहले स्वास्थ्य जांच की जाती है। यदि किसी व्यक्ति को कोई गंभीर बीमारी है, तो वह खून दान करने के लिए योग्य नहीं हो सकता है।
- उम्र- खून दान करने के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष है, जबकि अधिकतम उम्र 65 वर्ष है।
- आम तौर पर, एक स्वस्थ व्यक्ति खून दान करने के लिए हर 3-4 महीने में योग्य होता है। हालांकि, यह व्यक्ति के स्वास्थ्य और आयरन के स्तर पर निर्भर करती है।

# थकान और कमजोरी का कारण आपकी डाइट तो नहीं?

अमूमन यह देखने में आता है कि कुछ लोग अपनी डाइट पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते हैं और कुछ भी उल्टा-सीधा खा लेते हैं। लेकिन अगर आपकी डाइट सही नहीं है, तो आपको दिनभर थकान, अचानक भूख लगना, फोकस करने में परेशानी, यहां तक कि सोने में दिक्कत भी हो सकती है।

क्या आपको पूरी रात की नींद के बाद भी थकान महसूस होती है या फिर दिनभर एनर्जेटिक बने रहने के लिए बार-बार कॉफी पीने का मन करता है? अगर यह सच है तो इसका कारण आपकी डाइट हो सकती है। जो भी हम खाते हैं, उसका सीधा असर हमारी एनर्जी पर पड़ता है। अगर आपके खाने में ज़रूरी पोषक तत्व कम हैं या आप ज्यादा तला-भुना और अस्वस्थ खाना खाते हैं, तो आप खुद ही अपनी एनर्जी को कम कर रहे हैं।

अमूमन यह देखने में आता है कि कुछ लोग अपनी डाइट पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते हैं और कुछ भी उल्टा-सीधा खा लेते हैं। लेकिन अगर आपकी डाइट सही नहीं है, तो आपको दिनभर थकान, अचानक भूख लगना, फोकस करने में परेशानी, यहां तक कि सोने में दिक्कत भी हो सकती है। कई बार हमें पता नहीं चलता, लेकिन असली समस्या हमारी खाने की प्लेट में भी हो सकती है। हालांकि, शरीर खुद इस बात का संकेत देता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही संकेतों के बारे में बता रहे हैं-

### बार-बार एनर्जी क्रैश होना


अगर आप भोजन के बाद एनर्जेटिक महसूस करते हैं, लेकिन कुछ ही घंटों के बाद ही थक जाते हैं, तो यह बहुत अधिक रिफांइड कार्बोहाइड्रेट और शुगर का सेवन करने के कारण हो सकता है। व्हाइट ब्रेड, पेस्ट्री और शुगरी ड्रिंक्स जैसे फूड आइटम्स ब्लड शुगर स्पाइक का कारण बनते हैं, जिससे एकदम से एनर्जी क्रैश होता है और आप अधिक सुस्त और चिड़चिड़े महसूस करते हैं। इसलिए, अपनी डाइट में होल ग्रेन, सब्ज़ियां और फाइबर रिच फूड्स को शामिल करें। इनसे आपको लगातार एनर्जी मिलती रहती है।

### बार-बार मीठा या जंक फ़ूड खाने की क्रेविंग होना

क्या आपको अक्सर मीठा और प्रोसेस्ड फ़ूड खाने की इच्छा होती है? इसका मतलब है कि आपके आहार में आवश्यक पोषक तत्वों की कमी है। जब आपके शरीर को पर्याप्त प्रोटीन, स्वस्थ वसा या फाइबर नहीं मिल रहा होता है, तो वह शुगर जैसे क्विक एनर्जी सोर्स की इच्छा करता है। इसलिए, क्रेविंग को दूर रखने के लिए अपने भोजन में प्रोटीन रिच फूड आइटम्स (अंडे, मेवे, दालें), हेल्दी फैट्स (एवोकाडो, जैतून का तेल) और फाइबर (फल व सब्ज़ियां) शामिल करें।

### खाने में पेट में भारीपन महसूस होना

अगर आपका पाचन तंत्र धीमा है, तो यह आपकी एनर्जी को कम कर सकता है। अगर भोजन के बाद आपको पेट भारी या फूला हुआ लगता है, तो इसकी वजह ज्यादा प्रोसेस्ड फूड, अनहेल्दी फैट जैसे तला-भुना खाना या फाइबर की कमी हो सकती है। इसलिए, अपनी डाइट को बैलेंस करें। दही, अचार और अन्य फर्मेंटेड फूड जैसे प्रोबायोटिक्स खाएं, ज्यादा फाइबर वाले फल और सब्जियां शामिल करें, और पाचन को बेहतर बनाने के लिए भरपूर पानी पिएं।



# ट्रोलिंग से कैसे निपटती हैं सारा अली खान



**सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी, बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान को सोशल मीडिया पर अपने अभिनय के लिए अक्सर आलोचना मिलती है। इसी मामले को लेकर सारा ने खुलकर बात की है। उन्होंने कहा है कि अब उन्हें ट्रोलिंग से परेशानी नहीं होती है बल्कि इमोशन से परेशानी होती है।**

## ट्रोलिंग से कैसे निपटती हैं सारा

हाल ही में सारा ने बताया कि वह ट्रोलिंग से निपटना सीख चुकी हैं। सारा ने कहा कि अब वह इन बातों को नजर अंदाज करना सीख गई हैं। इससे निपटने के लिए उन्हें मेडिटेशन से काफी मदद मिलती है।

## ट्रोलिंग को लेकर पहले क्या सोचती थीं सारा

सारा पहले सोचती थीं कि ट्रोलर्स सही कह रहे हैं या नहीं, लेकिन अब वह इन बातों को छोड़ चुकी हैं। सारा ने कहा, मैं बस एक बात पर ध्यान देती हूं कि सारा सबसे अच्छी है न सारा सबसे खराब है। सारा बस सारा है, और मैं इसी पर फोकस करती हूं।

## मंदिरों में जाने पर क्यों ट्रोल करते हैं लोग

इस इंटरव्यू के दौरान सारा ने यह भी बताया कि हिंदू मंदिरों में जाने की वजह से लोग उन्हें ट्रोल करते हैं। इस पर उन्होंने कहा कि उनकी मां अमृता सिंह ने उन्हें बचपन से सिखाया कि खुद को धर्म या जाति से न देखें। जब सारा ने अपनी मां से पूछा कि मैं क्या हूं?, तो अमृता ने जवाब दिया, तुम भारतीय हो। सारा यह बात कभी नहीं भूलतीं।

## सारा का करियर

काम की बात करें तो सारा को फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता के किरदार में देखा गया था। इसके अलावा वह अक्षय कुमार के साथ स्काई फोर्स में भी नजर आईं। एक खबर के मुताबिक, सारा अभिनेता आयुष्मान खुराना के साथ एक जासूसी कॉमेडी फिल्म और सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में काम कर रही हैं। इसके अलावा, वह अनुराग बसु की फिल्म मेट्रोज्इन डिनो में भी दिखाई देंगी।



# अमीषा पटेल ने सिकंदर में सलमान और रश्मिका की उम्र के बड़े अंतर के बारे में बात की

अभिनेत्री अमीषा पटेल ने फिल्म सिकंदर में सलमान खान और रश्मिका मंदाना के बीच उम्र के बड़े अंतर पर अपने विचार साझा किए। बातचीत के दौरान अमीषा ने कहा, मेरी और सनी जी (सनी देओल) की उम्र में भी काफी अंतर है - 20 साल से ज्यादा, लेकिन जब फिल्म चल जाती है, तो सब कुछ माफ हो जाता है। याद दिला दें कि अमीषा ने सनी देओल के साथ दो बार गदर- एक प्रेम कथा और गदर 2 में काम किया है। ये दोनों ही फिल्में टिकट काउंटर पर काफी सफल रहीं। यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि अमीषा और सनी की उम्र में 18 साल का अंतर है।

इस बीच, सिकंदर के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में बात करते हुए सलमान ने सुपरस्टार्स और छोटी अभिनेत्रियों के बीच उम्र के बड़े अंतर के बारे में बात की। फिल्म इंडस्ट्री में विकसित हो रहे बदलावों पर अपने विचार साझा करते हुए सलमान ने अपने खास अंदाज में कहा कि मेरे और हीरोइन के बीच 31 साल का अंतर है। हीरोइन को यह समस्या नहीं है। हीरोइन के पिता को यह समस्या नहीं है। इसके बाद, उन्होंने रश्मिका की ओर मुड़कर पूछा कि आपको यह समस्या नहीं है, है ना? बॉलीवुड में बुजुर्ग हीरो का अपनी उम्र से कम उम्र की हीरोइनों के साथ रोमांस करना कोई असामान्य बात नहीं है। एआर मुरुगादॉस के निर्देशन में बनी सिकंदर की बात करें तो यह एक्शन थ्रिलर 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसे मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। इतनी चर्चा के बावजूद सिकंदर बॉक्स ऑफिस पर असर नहीं छोड़ पाई। फिल्म में राजकोट के राजा संजय सिकंदर (सलमान) अपने बेटे की हत्या के बाद मंत्री राकेश प्रधान (सत्यराज) का निशाना बन जाते हैं। जब उनकी पत्नी के दान किए गए अंग तीन लोगों की जान बचाते हैं, तो राकेश बदला लेना चाहता है और संजय को उनकी रक्षा करने के लिए मजबूर करता है। सलमान और रश्मिका के साथ, नाटक के मुख्य कलाकारों में सत्यराज, काजल अग्रवाल, शरमन जोशी, प्रतीक बब्बर, किशोर, जतिन सरना और संजय कपूर सहित अन्य शामिल हैं।



# जल्द शादी के बंधन में बंधेंगे जैस्मिन और अली गोनी



टीवी जगत के चर्चित सितारे अली गोनी और जैस्मिन भसीन की लव स्टोरी किसी से छिपी नहीं है। दोस्ती से शुरू हुआ इनका रिश्ता बिग बॉस 14 में जाकर मोहब्बत की दहलीज तक जा पहुंचा। यहां दोनों ने एक-दूजे से प्यार का इजहार किया। लंबे वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे कपल के प्रशंसकों को अब इनकी शादी का इंतजार है। यह इंतजार अब पूरा होने की घड़ी आ गई है, ऐसा दावा एक करीबी दोस्त ने किया है।

## इस साल हो जाएगी शादी


अली गोनी की करीबी दोस्त कृष्णा मुखर्जी ने हाल ही में अली और जैस्मिन की शादी को लेकर बड़ा खुलासा किया है। दरअसल, कृष्णा हाल ही में रश विद रुचि के पॉडकास्ट में नजर आईं, जहां उनसे अली और जैस्मीन की शादी के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा, इस साल हो रही है, या फिर अगले साल हो रही है उनकी शादी, दोस्तों। कृष्णा ने आगे कहा, इस साल हो जाएगी, इस साल के आखिर तक हो जाएगी।

## कृष्णा और अली ने साथ किया है काम

अली की मुलाकात कृष्णा से हिट टेलीविजन धारावाहिक ये हैं मोहब्बतें के सेट पर हुई थी, जहां उन्होंने रोमेश रोमी भल्ला की भूमिका निभाई थी। वहीं, कृष्णा आलिया भल्ला के रूप में नजर आई थीं। बता दें कि अली और जैस्मिन ने कुछ दिनों पहले ही ये एलान किया कि वे लिवइन रिलेशनशिप में रहने वाले हैं। दोनों ने यह भी जिक्र किया कि वे अपने रिश्ते को आगे बढ़ा रहे हैं।

# 26 मार्च को 2026 रिलीज होगी राम चरण-जान्हवी की फिल्म पेडी

ग्लोबल स्टार राम चरण की फिल्म पेड्डी ने सोशल मीडिया पर अपने फर्स्ट-लुक से धमाल मचा दिया। फिल्म के निर्माता 6 अप्रैल, 2025 को राम नवमी के अवसर पर इसकी एक झलक दिखाने की तैयारी में हैं। लेकिन उससे पहले फिल्म की रिलीज डेट को लेकर नई जानकारी सामने आई है। उगादी के अवसर पर फिल्म 'पेड्डी' के निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया था। साथ ही इसके पोस्टर में राम चरण एक लंबी छलांग लगाते नजर आए थे। इस पोस्टर के आने के बाद से ही प्रशंसकों के बीच इस फिल्म को लेकर उत्साह बढ़ गया है। पेड्डी के इस पोस्टर को जारी करने के साथ ही निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा था, पेड्डी फर्स्ट शॉट, फिल्म की पहली झलक 6 अप्रैल को राम नवमी के अवसर पर जारी की जाएगी। वही अब फिल्म की झलक से पहले इसकी रिलीज डेट को लेकर अक अहम जानकारी सामने आई है। एक खबर के मुताबिक, टीम पेड्डी की झलक के साथ फिल्म की रिलीज डेट भी बताई जा सकती है। जानकारी के अनुसार, यह फिल्म 26 मार्च, 2026 को रिलीज हो सकती है, लेकिन अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।






# सामने आई धनुष स्टारर इडली कढ़ाई की रिलीज डेट

निर्देशक धनुष की बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर इडली कड़ाई के निर्माताओं ने शुक्रवार को घोषणा की कि यह फिल्म इस साल 1 अक्टूबर को दुनिया भर में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। एक्स हैंडल पर फिल्म का निर्माण करने वाले प्रोडक्शन हाउस वंडरबार फिल्म्स ने लिखा, इंतजार खत्म हुआ! 1 अक्टूबर से दुनिया भर में बड़े पर्दे पर इडली कढ़ाई आ रही है! निर्माता आकाश भास्करन की डॉन पिक्चर्स वंडरबार फिल्म्स के साथ मिलकर फिल्म का निर्माण कर रही है। फिल्म के निर्माताओं ने पहले घोषणा की थी कि फिल्म इस साल 10 अप्रैल को दुनिया भर में स्क्रीन पर आएगी। हालांकि, उन्होंने रिलीज की तारीख की घोषणा किए बिना रिलीज को स्थगित करने का फैसला किया। इस घोषणा के बाद एक साक्षात्कार में आकाश भास्करन ने कहा कि फिल्म की रिलीज को स्थगित किया जा रहा है क्योंकि फिल्म का 10 प्रतिशत हिस्सा अभी भी शूट किया जाना बाकी है। उन्होंने बताया, हमें इसे विदेश में शूट करने की जरूरत है। यह एक कॉम्बिनेशन सीन है जिसमें नित्या मेनन, अरुण विजय, राजकिरण, पार्थिबन और सभी कलाकार होंगे। सभी कलाकार एक ही तारीख पर उपलब्ध नहीं थे और इसी वजह से हम इस सीन को शूट नहीं कर पाए। हम जल्दबाजी नहीं करना चाहते थे क्योंकि फिल्म वास्तव में अच्छी बनी है।

यह कहते हुए कि यह हिस्सा जल्द ही पूरा हो जाएगा, आकाश भास्करन ने कहा था कि निर्माता जल्द ही फिल्म के लिए रिलीज की नई तारीख की घोषणा करेंगे। निर्माताओं ने 1 अक्टूबर को रिलीज की नई तारीख की घोषणा की है। सूत्रों का कहना है कि अरुण विजय फिल्म में खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं और धनुष और अरुण विजय के बीच आमना-सामना रोमांचक होगा। निर्माताओं ने यह भी पुष्टि की है कि शालिनी पांडे फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। 'इडली कढ़ाई' में धनुष और नित्या मेनन मुख्य भूमिका में हैं, जिसका निर्देशन धनुष खुद कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण धनुष की वंडरबार फिल्म्स और डॉन पिक्चर्स ने संयुक्त रूप से किया है।



# विदाउट प्रेजुडिस भारतीय शास्त्रीय संगीत के साथ गीत बनाने का मेरा पहला प्रयास

मशहूर गायक-रैपर गुरु रंधावा ने हाल ही में अपना पहला एल्बम विदाउट प्रेजुडिस लॉन्च किया है। रंधावा ने बताया कि विदाउट प्रेजुडिस भारतीय शास्त्रीय संगीत के साथ गीत बनाने का उनका पहला प्रयास है, जिसे लेकर वह रोमांचित हैं। उन्होंने वार्नर म्यूजिक इंडिया के साथ मिलकर भारतीय संगीत और ग्लोबल संगीत के बीच की खाई को पाटने का काम किया है। अपने एल्बम पर प्रकाश डालते हुए रंधावा ने कहा कि यह नए अंदाज में एक भारतीय गीत है और इसे हर कोई पसंद करेगा। नौ ट्रैक वाले एल्बम के बारे में उन्होंने बताया, इस बार मेरे गायन में बहुत कुछ नया है और यह कह सकते हैं कि मेरे गायन का प्रवाह बदल चुका है। गीत में इस्तेमाल होने वाले कंटेंट यूनिवर्सल हैं। यह एल्बम भारतीय शास्त्रीय संगीत के तत्वों के साथ गीत बनाने का मेरा पहला प्रयास है। रंधावा पिटबुल, द चेनस्मोकर्स और जे सीन जैसे कलाकारों के साथ काम कर चुके हैं। गायक ने इस बात पर जोर दिया कि अब देश के साथ ही विदेशों में भी भारतीय संगीत कलाकारों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने बताया, अब अवसर और भी बढ़ चुके हैं और वे भारतीय संगीत के बारे में जानते हैं। वे इसकी सराहना करते हैं कि हमारे कलाकार दुनिया भर में छाए हुए हैं। इससे पहले रंधावा ने वार्नर म्यूजिक इंडिया के साथ काम करने के अपने उत्साह को व्यक्त करते हुए कहा, विदाउट प्रेजुडिस एल्बम न केवल मेरा, बल्कि उस दर्शक वर्ग के लिए भी खास है, जिसके साथ मैं जुड़ना चाहता हूं।

विदाउट प्रेजुडिस बाधाओं को तोड़ने और नए संगीत को अपनाने के बारे में है, जो मेरी जड़ों से जुड़े रहने के साथ दुनिया भर के संगीत को एक अलग अंदाज में पेश करता है। वार्नर म्यूजिक इंडिया के साथ इस यात्रा के माध्यम से मैं प्रशंसकों के लिए कुछ खास लाने को लेकर रोमांचित हूं। 'विदाउट प्रेजुडिस' साल 2023 के बाद से गुरु का पहला स्टूडियो एल्बम है। एल्बम में नौ शानदार ट्रैक हैं। इनमें 'स्नैपबैक', 'सिरा', 'न्यू एज', 'कताल', 'फॉम एजेस', 'जानेमन', 'किथे वसदे ने', 'सरे कनेक्शन', 'गैलन बटन' हैं, जिसमें अफ्रोपॉप और भारतीय पॉप का मिश्रण है। एल्बम का पहला सिंगल 28 मार्च को रिलीज हुआ। इस एल्बम में रंधावा, किरण बाजवा और प्रेम लता जैसे कलाकारों के साथ काम किया गया है।

# अब एटली की फिल्म में धूम मचाएंगे अल्लू अर्जुन? जल्द हो सकती है घोषणा



पुष्पा फेम अभिनेता अल्लू अर्जुन अब निर्देशक एटली के साथ फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। आज शुक्रवार को अल्लू अर्जुन निर्देशक एटली के साथ बैठक करने चेन्नई पहुंचे। अभिनेता को हैदराबाद एयरपोर्ट पर देखा गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार सन पिक्चर्स इस अनाम फिल्म का निर्माण अकेले ही करेगी। एटली के साथ अल्लू अर्जुन की फिल्म की आधिकारिक घोषणा जल्द हो सकती है। हालांकि, एटली पहले सलमान खान के साथ एक फिल्म बनाने वाले थे, लेकिन बजट के कारण वह फिल्म टल गई थी। एटली ने बॉलीवुड में अपने निर्देशन करियर की शुरुआत शाहरुख खान अभिनीत फिल्म 'जवान' से किया था।

# सेक्टर–82 में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर 82 स्थित ईडब्ल्यूएस पॉकेट–7 में आयोजित श्रीराम कथा



का विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ हुआ। बैंड बाजे व ढोल नगाड़ों साथ 207 महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर पूरे सेक्टर में कलश यात्रा निकाली। शोभा यात्रा में आगे आगे घोड़े, ऊंट फिर बैंड बाजा इसके बाद कथा व्यास महामंडलेश्वर पंचमानंद महाराज का रथ उसके पीछे कलश धारण किए महिलाएं एवं भक्तजन और ट्रेक्टर पर सवार भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी शोभायात्रा को शोभायमान कर रहे थे। कलश यात्रा पूरे सेक्टर 82 एवं 93 में घूमती हुई पुनः कथा स्थल पहुंची।

इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने बताया कि सभी पॉकेट वासियों के सहयोग से यह श्रीराम का आयोजन हो रहा है। श्रीराम कथा नित्य 4 बजे से 8 बजे तक होगी। 7 अप्रैल को नारद मोह, श्रीराम जन्म, अहिल्या उद्धार आदि कथाओं का वर्णन किया जाएगा।

इस अवसर पर देवमणि शुक्ला, संजय पांडे, गोरे लाल, रवि राघव, देवेंद्र गुप्ता, सुशील पाल, हरी सिंह, अंगद तोमर, रमेश दास, रमेश चंद्र शर्मा, विष्णु शर्मा, रमेश वर्मा, हंसमणि शुक्ला, अनूप सिंह, संगम प्रसाद मिश्र, राजवीर सिंह, विकास शर्मा, रमेश गुप्ता, विजय, प्रकाश जोशी सर्वेश तिवारी, वीके मिश्रा, विवेक कुमार सिंह, अनिल कुमार शर्मा, अवनीश शर्मा, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, राजेश कुमार पाठक, अरून गौर, दीपक तिवारी, उत्तम चंद्रा, दिनेश पाठक, विनोद शर्मा, जितेंद्र सिंह, कुंदन सिंह, अनिल चौधरी, धर्मेंद्र सिंह, विनय त्रिवेदी, शिव कुमार पाठक, रंजन गिरि, शिव व्रत तिवारी, धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, अरविन्द परिहार, पप्पू सिंह, रमेश चंद्र गुप्ता, प्रदीप कुमार यादव, विकास कुमार, वी सी पान्डेय, ललित कुमार फुलेरा, प्रशान्त पाठक, सतपति जी, उपेंद्र सिंह, घनश्याम जोशी, विट्ठू कुमार मिश्र, सिया राम, मिथलेश कुमार राय, मुक्तेश भारद्वाज, प्रद्युमन श्रीवास्तव, संजीव सक्सेना, संजीव कुमार ढाली, सहित भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# ब्रह्माकुमारीज़ में 'आध्यात्मिक शक्ति का चमत्कार' पर गोष्ठी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ब्रह्माकुमारीज़ नोएडा केंद्र ने गार्डनिया ग्लोरी सेक्टर–46 क्लब हॉल में 'आध्यात्मिक शक्ति का चमत्कार' विषय पर एक विशेष आध्यात्मिक सत्र आयोजित किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और जीवन में आध्यात्मिक शक्ति की अहमियत को समझा।



कार्यक्रम की मुख्य वक्ता, लंदन की प्रसिद्ध प्रेरक वक्ता बीके रुचि ने अपने संबोधन में कहा कि जब हम अपने दैनिक जीवन में आत्मा की शक्ति को शामिल करते हैं, तब वह असल में आध्यात्मिकता बन जाती है। इसके लिए सबसे पहले आत्मा के बारे में समझना जरूरी है। आत्मा ही शरीर के माध्यम से इस संसार में क्रियाशील होती है। उन्होंने बताया कि आत्मा को पोषित करने के लिए प्रेम, शांति, खुशी, ज्ञान और शुद्धता की आवश्यकता होती है, जो हमें ध्यान से प्राप्त होती है। ईश्वर ही इन गुणों का स्रोत है, इसलिए हमें ईश्वर से हमेशा जुड़ाव बनाए रखना चाहिए।

मुख्य अतिथि, प्रोफेसर प्रदीप माथुर (मीडिया गुरु और पूर्व संपादक, नेशनल हेराल्ड, पायनियर, द ट्रिब्यून) ने सेवा को आत्म–से पहले रखने, सीमित इच्छाओं, सरल जीवन और उच्च विचार की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि नियमित ध्यान से हम अपने मानसिक और भावनात्मक उतार–चढ़ाव से बच सकते हैं।

प्रसिद्ध न्यूज़ एंकर और वरिष्ठ पत्रकार राशिद हाशमी ने ब्रह्माकुमारीज़ संगठन की सराहना करते हुए कहा कि इस संस्था ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। क्लीयरमेडी हेल्थकेयर के सीईओ कमांडर नवनीत बाली ने भी अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम के दौरान, ब्रह्माकुमारीज़ केंद्र 46, 51 और 15, नोएडा की केंद्र प्रभारी बीके कीर्ति ने राजयोग ध्यान का अभ्यास कराया। उन्होंने कार्यक्रम में सकारात्मक दृश्य (पॉजिटिव विज़ुअलाइजेशन) और सर्वोच्च शक्ति से जुड़ने के माध्यम से राजयोग ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ये साधन हमें नकारात्मक प्रभावों से बचाते हुए आंतरिक शांति प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर, सभी को प्रसाद वितरित किया गया।



# महर्षिनगर में पूजन के बाद नौ कन्याओं ने किया पौधारोपण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** महर्षिनगर में महर्षि महेश योगी संस्था द्वारा नवमी पूजन और हवन के पश्चात कन्या पूजन किया गया। नौ कन्याओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया । यह कार्यक्रम इसी प्रकार से प्रत्येक वर्ष दोनों नवरात्रि (शारदीय नवरात्रि एवं वासंतीय नवरात्रि) में किया जायेगा। इस के बारे मे महर्षि संस्थान के आधिकारी विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि महर्षि नगर मे पांच सो पौधे लगये जा रहे है।

पूजा में महर्षि नगर के श्रद्धांलु शिशिर श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, विनीत श्रीवास्तव, श्री कांत ओझा, शिवपाल यादव, यादवेंद्र यादव, रामेंद्र सचान, हरीश सचान, राजेंद्र शुक्ला, संतोष श्रीवास्तव, विद्युत मुखर्जी, राजेंद्र खंडवाल और नरेंद्र सिंह आदि व्यक्ति मुख्य रूप से शामिल थे।



**अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा के ग्रेटर नोएडा स्थित आवास पर उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित करते बागपत जिले से युवा ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा व अन्य पदाधिकारी। स्वागत के पश्चात संगठन को लेकर भी विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।**

# हनुमंत जन्मोत्सव का आयोजन 12 अप्रैल को

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री बालाजी मानव सेवा समिति द्वारा दिव्य हनुमंत जन्मोत्सव का भव्य आयोजन गौरी शंकर मन्दिर प्रांगण गामा 1 ग्रेटर नोएडा में किया जा रहा है। दिव्य हनुमंत जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अरणी मंथन शत चंडी महायज्ञ एवं श्री राम नाम संकीर्तन प्रवचन का आयोजन 8 अप्रैल 25 चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी से 12 अप्रैल 25 चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तक आयोजित हो रहा है। संस्था के संस्थापक संयोजक सतेन्द्र राघव ने प्रेस वार्ता में बात करते हुए बताया कि संस्था अनेकों सनातन उत्थान सामाजिक कार्य चाहे वो आर्थिक विहीन कन्याओं के सामूहिक विवाह का हो, स्कूलों में वंचित बच्चों के ड्रेस, कॉपी किताब वितरण का हो, मलीन वस्तियों में आवश्यक दिनचर्या के सामान उपलब्ध कराने का प्रयास, सनातन सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों के पाठशाला आदि के अनेकों सक्रियता पूर्ण कार्य किए जा रहे हैं बावजूद इसके संस्था का मुख्य उद्देश्य मेंहदीपुर बाला जी मन्दिर राजस्थान के तर्ज पर ग्रेटर नोएडा में सनातन धाम श्री बालाजी मन्दिर का विशाल स्वरूप की स्थापना का है।



इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज सिंघल, उपाध्यक्ष मुकेश यादव,महासचिव प्रमोद चौहान, संजय शर्मा, मीडिया प्रभारी अमरजीत सिंह, व्यवस्था प्रमुख जय प्रकाश सिंह, आशीष बंसल, बीना अरोड़ा, मिली गुप्ता किरन मिश्रा, आलोक कुमार सिंह, अभिषेक प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# हिंडन विहार में माता रानी के जागरण में जमकर झूमे श्रद्धालु





**नोएडा ( चेतना मंच )।** नवरात्रि के शुभ अवसर पर सनातन धर्म संगठन द्वारा शनिवार को सेक्टर 49 स्थित हिंडन विहार की गली नंबर 17 में देवी माता के विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक देवा, मनीष, रचना रघुवंशी ने एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति दी। उनके भजनों पर रात भर भक्तगण जमकर झूमे। सनातन धर्म संगठन का यह दूसरा विशाल जागरण है। हाल ही में हिंडन विहार की गली नंबर 17 में सीवर व सड़क के नवनिर्माण का काम हुआ था और इसी खुशी में जागरण का आयोजन किया गया। संगठन का कहना है कि आगे भी माता रानी का जागरण होता रहेगा।

इस मौके पर मीडिया प्रभारी व वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा, जवाहर गुप्ता, ओम, रतन, मनीष प्रधान, अरविंद सचान, मनोज कुमार, कृष्ण मुरारी झा, सोमेंद्र शर्मा, बिजन कुमार, दिनेश सिंह, राजीव तोमर, सुचिंद्र दास, आशुतोष सोनी, आदि ने माता रानी के जागरण को संपन्न कराया उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# सेक्टर-6 में अफोर्ड पिल का हुआ शुभारंभ

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर–6 में वाजिद कीमतों पर गुणवत्ता परक औषधीय की सुविधा के केंद्र अफोर्ड पिल का शुभारंभ किया गया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित रविकांत मिश्रा ने बतौर विशिष्ट अतिथि दीप प्रज्जवलित कर अफोर्ड पिल का शुभारंभ किया।

इस दौरान उन्होंने अफोर्ड पिल की विशेषताओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यहां पर औषधि लेने वालों को वाजिब कीमतों पर गुणवत्तापरक औषधि प्राप्त हो सकेंगी। इसके लिए उन्होंने आयोजकों को बधाई दी। इस दौरान अफोर्ड पिल के निदेशक सुनील कुमार तथा श्रीमती अनुराधा कुमार ने समूची टीम के साथ रविकांत मिश्रा को शॉल ओढ़ाकर तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सैकड़ों गणमान्य लोग भी मौजूद थे।







